सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
• TOP MEDICAL Colleges of INDIA
• Management Quota Seat
• NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444
Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)

वर्ष- 14 अंक - 287 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 30 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
8 से 10 हजार रुपए तक वेतन
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

# छत्तीसगढ़ में घोटाला वार : भाजपा-कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाया गौठान और गोशाला पर करोड़ों के घोटाले का आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा व कांग्रेस के बीच घोटाला वार छिड़ा हुआ है। शनिवार को दोनों पार्टियों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगा। भाजपा ने भूपेश बघेल की सरकार पर गोठान व गोबर के नाम पर 1300 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। भाजपा के आरोप के बाद कांग्रेस भी कहा चुप बैठने वाली थी। कांग्रेस ने भी देर शाम प्रेस वार्ता लेकर भाजपा के घोटालों की लंबी लिस्ट थमा दी। कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर बताया कि रमन राज में गोशाला के नाम पर 1 हजार 667 करोड़ का घोटाला हुआ था। 1000 एकड़ सरकारी जमीन का बंदरबाट हुआ था।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैविक खाद के बढ़ावा देने के नाम पर उर्वरकों की सब्सिडी में 35 प्रतिशत कटौती की घोषणा करते है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव छत्तीसगढ़ में वर्मी कंपोस्ट का विरोध करते है। भाजपा बतायें मोदी का स्टैंड सही है या साव का। मोदी गोधन न्याय योजना का नाम बदलकर अपने बजट में शामिल करते है। भाजपा की 8 राज्य सरकार गोठान योजना को अपने यहां लागू करने की योजना बनाती है छत्तीसगढ़ के भाजपाई विरोध करते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। मुद्दाविहीन भाजपा राज्य सरकार के जनहित के कामों का विरोध नहीं कर पा रही है तो सफल योजनाओं में झूठे आरोप लगाकर अपनी भड़ास निकाल रही है।



## छत्तीसगढ़ सरकार ने किया 9790 गोठानों का निर्माण

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 9790 गोठान बनाकर राज्य के पशओं के संरक्षण उनकी देख-रेख का अभिनव प्रयास किया है। इन गोठानो के माध्यम से पूरे प्रदेश में 3 लाख 50 हजार एकड़ जमीन चारागाह के लिए आरक्षित है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार देश की अकेली सरकार है, जो गौसेवा के लिये गांव के गोधन एवं अन्य पशुओं के लिये गोठान बना कर गोसेवा कर रही है, तो भाजपा को इसमें भी पीड़ा हो रही। यह पूरी योजना गांव वालों के सहयोग, ग्रामवासियों की ओर से बनाई गयी गोठान समितियों और गांव के बहनों के स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालित होती है। भाजपा इस योजना पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगा कर ग्रामवासियों की निष्ठा, ईमानदारी पर सवाल खड़ा कर रही है। गोठानों में भ्रष्टाचार के आरोप भाजपा का दिमागी फितूर है।

## गोठानों को बदनाम कर रही भाजपा

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा गोठानों को बदनाम करने के लिये अभियान चला रही है जबकि गोठानों और गोधन न्याय योजना की तारीफ पूरे देश में हो रही। सुशील आनंद ने कहा कि भाजपा गोठानों में भ्रष्टाचार की बात कर अपनी खीझ निकाल रही है। भाजपा को गोठान और गोशाला के बीच का मूल फर्क ही नहीं मालूम। गोठान छत्तीसगढ़ की वर्षों की पुरातन परंपरा है, हमारी सरकार ने गांवों के उसी गोठान को संवारने का काम किया है। 15 सालों तक भ्रष्टाचार करने वालों को हर जगह भ्रष्टाचार नजर आता है। भ्रष्टाचार तो 15 सालों तक रमन राज में होता था। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, राम गिडलानी, प्रकाश मणी वैष्णव, विकास विजय बजाज, सत्य प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने गिनाई घोटाले और कर्मियों की लिस्ट

- रमन राज में गौशालाओं के नाम पर 16 हजार 77.67 करोड़ रुपए भाजपाईयों ने गौशाला के नाम पर डकारा।
- रमन राज में 15 साल में 17000 से अधिक गायों की मौतें भूख से, बिना चारा पानी के तड़प कर हुई।
- 15 साल में गौशाला के नाम से सरकारी जमीनों को आवंटित कर निजी उपयोग किया।
- दुर्ग जिले धमधा के राजपुर की गोशाला में गायें चारे-पानी के अभाव में भूखे मर गयी।
- दुर्ग के दशंरगपुर गौशाला में सैकड़ों गाय मृत पायी गयी थी।
- 15 साल में लगभग 1000 एकड़ से अधिक के जमीन, भाजपा नेताओं ने गौशाला के नाम से लिया और उसका निजी उपयोग किया।

## खास - खबर

### प्रशासनिक फेरबदल, 14 आइएएस अफसरों का तबादला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। विधानसभा चुनाव से पहले 14 आईएएस अफसरों के विभाग बदले हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार 14 अफसरों के प्रभार में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार आईएएस सौरभ कुमार को कोरबा व संजीव कुमार झा को बिलासपुर कलेक्टर बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार अलरमेलमंगई को श्रम विभाग के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। यशवंत कुमार को मंडी बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है। जेपी पाठक का तबादला नगर ग्राम निवेश के आयुक्त पद पर किया गया है। भीम सिंह श्रम आयुक्त बनाए गए हैं। केडी कुंजाम बिलासपुर संभागायुक्त होंगे। जितेंद्र कुमार शुक्ला को खाद्य विभाग के संचालक की जिम्मेदारी दी गई है। अभिषेक कुमार अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त होंगे। प्रतिष्ठा ममगाई कोरबा नगर निगम के आयुक्त बनाया गया है। चंदन संजय त्रिपाठी कृषि एवं प्रभारी अधिकारी संचालक के साथ युवा मितान क्लब का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा रमेश शर्मा मुद्रण लेखन सामग्री के संचालक होंगे।

### बने नए पुलिस रेंज, राजधानी दो भागों में बंटा, दुर्ग भी सिमटा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नए पुलिस रेंज का गठन कर दिया गया है। सीएम बघेल के निर्देश पर प्रदेश में बेहतर कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने राज्य में छत्तीसगढ़ पुलिस में पुलिस रेंज का पुनर्गठन किया है। पुलिस रेंज के पुनर्गठन से जहां आम जनता को सुविधा होगी वहीं बेहतर पुलिसिंग, अपराधों की रोकथाम, आपराधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण और बेहतर कानून एवं व्यवस्था में काफी मदद मिलेगी। पुनर्गठन में रायपुर रेंज को दो भागों में विभक्त किया गया है। रायपुर रेंज में जिला रायपुर रहेगा। इसी तरह रायपुर ग्रामीण रेंज में धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद तथा बलौदा बाजार-भाटापारा जिला को शामिल किया गया है। दुर्ग रेंज में जिला दुर्ग, बेमेतरा तथा बालोद रहेंगे। राजनांदगांव रेंज में जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुई खदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी को शामिल किया गया है। बिलासपुर रेंज में जिला बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ति, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही तथा जशपुर रहेंगे। बिलासपुर रेंज आईजी के अधीन डीआईजी रायगढ़ रहेंगे। डीआईजी रायगढ़ के अंतर्गत जिला रायगढ़, सक्ति तथा जशपुर रहेंगे। सरगुजा रेंज में जिला सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज तथा एमसीबी रहेंगे। बस्तर रेंज में जिला बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर तथा सुकमा रहेंगे। आई जी बस्तर के अधीन 2 डीआईजी रहेंगे। डीआईजी दंतेवाडा के अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा, सुकमा तथा बीजापुर जिले रहेंगे। डीआईजी कांकेर के अंतर्गत जिला कांकेर, नारायणपुर तथा कोंडागांव रहेंगे।

# भाजपा पर बरसे सीएम बघेल, बोले- छत्तीसगढ़ की तूलना मणिपुर मामले से नहीं, राज्यपाल अनुसुईया उइके से सीखे भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** संसद में मणिपुर से छत्तीसगढ़ की तूलना किए जाने पर सीएम भूपेश बघेल भाजपा पर बरस पड़े। शनिवार को कोरबा प्रवास के दौरान हेलीपैड पर मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तूलना मणिपुर से नहीं की जा सकती। भाजपा के नेता जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह इस प्रकार की गलत बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां तक कहा कि भाजपा वालों को राज्यपाल अनुसुइया उइके से सीख लेनी चाहिए जिन्होंने मणिपुर के हालातों पर भाजपा को पूरी रिपोर्ट भेजी है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की घटनाओं की तूलना मणिपुर से नहीं की जा सकती है। ह्युमन राइट्स की टीम छत्तीसगढ़ आ रही है लेकिन मणिपुर नहीं जा रही है। तीन माह से ज्यादा समय से मणिपुर जल रहा है लेकिन केन्द्र सरकार को उसकी चिंता नहीं है। दूसरी तरफ केन्द्र सरकार उन्हें तलाश कर रही है जिन्होंने वीडियो वायरल कर मणिपुर की सच्चाई उजागर की थी। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने ऑन रिकॉर्ड बयान दिया है कि 50 हजार से ज्यादा लोग घर छोड़ चुके हैं।

राज्यपाल ने बताया है कि सैकड़ों घर जला दिए गए हैं, 100 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है, महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है और निर्वस्त्र करके घुमाया जा रहा है और उन्होंने यह भी कहा जिंदगी में कभी ऐसा दृश्य नहीं देखा था। केंद्र सरकार को उन्होंने अपनी रिपोर्ट भी सौंपी है। उसके बावजूद भी केंद्र सरकार के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया बल्कि वहां पर लगातार घटनाएं बढ़ रही है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कम से कम भाजपा नेता को राज्यपाल अनुसुइया उइके से कुछ सीखना चाहिए।

# राजधानी में अफसर की पत्नी ने की आत्महत्या मोवा ब्रिज से कूद गई रेलवे ट्रैक पर

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर से रविवार की सुबह छत्तीसगढ़ के एक अफसर की पत्नी ने आत्महत्या कर दी। घटना आज सुबह लगभग 5 बजे की बताई जा रही है। शनिवार देर रात पति के लौटने को लेकर पत्नी नाराज थी और इसके कारण दोनों में विवाद भी हुआ। वहीं रविवार तड़के पांच बजे महिला ने मोवा ब्रिज से रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा के महालेखाकार कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी दीपक मीणा की पत्नी शारदा मीणा ने रविवार की सुबह मोवा ब्रिज से रेलवे ट्रैक पर छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सहायक लेखाधिकारी दीपक मीणा मुंबई गया हुआ था और शनिवार को वापस लौटा। लौटने के बाद वह फिर घूमने चला गया और देर रात लगभग 1 बजे लौटा। पत्नी शारदा मीणा ने घर का दरवाजा नहीं खोला।

इस बीच वह बाहर ही खड़ा रहा। बताया जा रहा है लगभग 3 बजे पत्नी ने दरवाजा खोला और उसके बाद दोनों में जमकर विवाद हुआ। इसके बाद सुबह लगभग 5 बजे शारदा मीणा घर से निकली और सीधे मोवा रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंची। यहां पहुंचकर उसने छलांग लगा दी। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बाद अक्सर विवाद होता था । फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बड़ी प्रशासनिक सर्जरी : 77 तहसीलदार और 132 नायब तहसीलदार इधर से उधर, देर रात जारी हुआ आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ स्तर पर अफसरों के तबादले किए जा रहे हैं। सभी विभागों में फेरबदल चल रहा है। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों का तबादला किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छग शासन ने शनिवार देर रात आदेश जारी करते हुए 77 तहसीलदारों और 132 नायब तहसीलदारों का ट्रांसफर कर दिया दिया है। इससे पहले आईएएस और आईपीएस सहित राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का भी तबादला किया गया था।

मुख्यमंत्री बघेल ने मोर बिजली एप के नए वर्जन 2.0 किया लॉन्च

# इस नए वर्जन से उपभोक्ताओं को घर बैठे मिलेगी 36 प्रकार की सेवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार अपने कोरबा प्रवास के दौरान 'मोर बिजली एप 2.0' का शुभारंभ किया। मोर बिजली एप के पहले वर्जन को बिजली उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिलने के कारण ही नागरिक सेवाओं को विस्तार देते हुए एप के दूसरे वर्जन को तैयार किया गया है। मोर बिजली एप 2.0 के माध्यम से अब उपभोक्ताओं को 36 प्रकार की सेवाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इस पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को अब मोर बिजली एप के पहले वर्जन से अधिक सुविधाएं घर बैठे ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए मोर बिजली एप दूसरा दफ्तर बन गया है और खुशी की बात है कि बिजली विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां छत्तीसगढ़ी बोली में उपलब्ध होगी।

### बिजली कनेक्शन और नजदीकी विद्युत कार्यालय की जानकारी भी एप में

बिजली उपभोक्ताओं को उनके बिजली कनेक्शन से संबंधित कई जानकारियां जैसे संबंधित बिजली ऑफिस, फ्यूज ऑफकॉल सेन्टर तथा भुगतान केन्द्र का पता, सहायक/कनिष्ठ अभियंता का नाम तथा अन्य कई आवश्यक जानकारियां मालूम नहीं रहती है, इसलिए मोर बिजली मोबाइल ऐप वर्जन 2.0 में उपभोक्ता को ये सभी जानकारियां बिजली कनेक्शन प्रोफाइल में उपलब्ध करायी गई है। इसमें उपभोक्ता से संबंधित मीटर, पोल, ट्रांसफार्मर, 11 के.व्ही. फीडर तथा सबस्टेशन और अन्य आवश्यक जानकारियां भी शामिल हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मोर बिजली एप सर्वाधिक लोकप्रिय

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल की जानकारी, बिजली बिल का भुगतान और बिजली बंद होने की शिकायत के लिए मोर बिजली ऐप का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। बिजली बंद होने की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक शिकायतें मोर बिजली ऐप के माध्यम से प्राप्त हो रही है। शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण भी 70 प्रतिशत से बढ़कर अब 94 प्रतिशत हो गया है।

### छत्तीसगढ़ी बोली में जानकारी देने वाला पहला शासकीय एप बना मोर बिजली एप 2.0

नए मोर बिजली एप को प्रदेशवासियों की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ी बोली में उपलब्ध कराया गया है। जिन उपभोक्ताओं ने छत्तीसगढ़ी बोली को एसएमएस की भाषा के रूप में चुना है, उन्हें मासिक बिजली बिल, बिल भुगतान, बिल भुगतान रिमाइन्डर और बिल भुगतान की जानकारी छत्तीसगढ़ी में भेजी जाएगी। इसके साथ ही यह छत्तीसगढ़ी बोली का प्रदेश का पहला शासकीय मोबाइल एप बन चुका है।

### मोर बिजली एप ने रचा नया कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ के भुईयां मोबाइल एप के बाद सिर्फमोर बिजली एप का ही 10 लाख से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। 6 अक्टूबर 2020 को लांच हुए मोर बिजली एप के पहले वर्जन को 13 लाख 25 हजार से अधिक उपभोक्ता डाउनलोड कर उपयोग में ला रहे है। गूगल प्ले स्टोर में नि:शुल्क उपलब्ध इस मोबाइल ऐप को 36 हजार 700 से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा 5 में से 4.4 की रेटिंग दी गई है। राज्य में मोर बिजली के एप की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है, यही इसकी सफलता का परिणाम है।

# डबल इंजन सरकार बनाने 'त्रिशुल' रणनीति

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

भारतीय जनता पार्टी देश भर में एक चेहरे पर चुनाव लड़ती है। वह चेहरा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का. यह चेहरा इतना बड़ा है कि उसके आगे पक्ष-विपक्ष का कोई नेता टिक नहीं पाता। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भी भाजपा की मुख्य रणनीति केन्द्र सरकार और केन्द्रीय नीतियां ही हैं। छत्तीसगढ़ में 15 साल की सत्ता के बाद हुई पार्टी की दुर्गति को केन्द्रीय नेतृत्व पचा नहीं पाया है। पर कुशल नेतृत्व वह होता है जो अपनी कमजोरियों को पहचान कर उसका इलाज ढूंढता है। जिस तरह देश का केवल एक ही नेता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, ठीक उसी तरह छत्तीसगढ़ में सरकार का एकमात्र चेहरा मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ही थे। 2018 के चुनावों में अपमानजनक पराजय के बाद उनके चेहरे की चमक जाती रही है। पर मुश्किल यह है कि उनके कार्यकाल में भाजपा के तत्कालीन सभी कद्दावर नेताओं को निपटा दिया गया था। पार्टी के पास प्रदेश भर में दिखाने के लिए आज भी वही एक चेहरा है जिसे वह दिखाना नहीं चाहती। संगठन में लगातार उलटफेर कर पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने नए चेहरों को उभारने की कोशिश की पर उसका कोई खास फायदा नहीं मिला। ये चेहरे इतने नए थे और वक्त इतना कम था कि उन्हें स्थापित नहीं किया जा सका। और अब जबकि विधानसभा के चुनावों को कुछ ही महीने रह गए हैं वह नए रिस्क नहीं लेना चाहती। इसलिए 'एक नेता' वाली पार्टी ने छत्तीसगढ़ में 'त्रिशूल' की रणनीति बनाई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समानान्तर पार्टी ने दो और नियुक्तियां कर दी हैं। राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और पूर्व मंत्री लता उसेंडी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्याक्ष बना दिया गया है। छत्तीसगढ़ जैसे छोटे से राज्य में तीन-तीन राष्ट्रीय उपाध्यक्षों की नियुक्ति के पीछे भी यही उद्देश्य झलकता है। सरोज और लता अलग-अलग वजहों से प्रदेश की राजनीति में चर्चित हैं। छत्तीसगढ़ की स्थिति संभालने के लिए सरोज को राष्ट्रीय महासचिव के पद की कुर्बानी देनी पड़ी। उधर, बस्तर साधने के लिए पार्टी को जिस आदिवासी महिला चेहरे की जरूरत थी, उसे उसेंडी ने पूरा कर दिया। ये तीनों उपाध्यक्ष अब अपने-अपने ढंग से प्रदेश की राजनीतिक फिज़ा को बदलने की कोशिश करेंगे। सरोज इन तीनों में सबसे ज्यादा तेज तर्रार मानी जाती हैं। इसकी वजह भी है। डॉ रमन सिंह और लता उसेंडी ने जहां पार्षद के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की वहीं सरोज ने सीधे महापौर के रूप में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। एक ही समय पर महापौर, विधायक और सांसद रहने का रिकार्ड उनके नाम है। 2018 के विधानसभा चुनावों को लेकर वे पहले भी कह चुकी हैं कि जो बात कार्यकर्ताओं को पता थी, उसे नेता नहीं भांप पाए। इसके बाद पार्टी ने भी कहा कि इस बार प्रत्याशी कार्यकर्ताओं से पूछ कर ही तय किये जाएंगे। जाहिर है, सरोज की संगठन से सत्ता में वापसी की तैयारी है।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....
LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
• संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
• पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
• मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
• नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
• पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
• आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
• सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
• अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
• पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
• दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
Harsh Media Advertisers
Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# दोषियों को मिले सजा

मणिपुर में सरकार के कुछ हालिया कदम गौर करने लायक हैं। दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और उनके साथ गैंगरेप के चर्चित मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यहां यह बात गौर करने लायक होगी कि इस जांच में क्या निकलता है और दोषियों को सजा होती है या नहीं। दरअसल, देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां ऐसी जांच का कोई नतीजा ही नहीं निकला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में कहा है कि राज्य में तमाम विक्टिम्स को साइकॉलजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आएं उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक को दी जाए। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि इस मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि सही माहौल में इसकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार का यह भी कहना है कि हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं और 18 जुलाई के बाद से किसी हिंसक घटना में मौत की खबर नहीं है। हालांकि इन कदमों के मद्देनजर अब सरकार पर कुछ न करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उसके इन कदमों की अहमियत नापने की तीन बड़ी कसौटियां आज की तारीख में बनती हैं। पहली तो यह कि राज्य के हालात यहां से आगे किस तरह के रहते हैं। अगर वहां शांति कायम रहती है और गोलीबारी की जिन छिटपुट घटनाओं की रिपोर्ट आ रही है वे भी रुक जाती हैं, लोग धीरे-धीरे घरों में सामान्य जीवन बिताने लगते हैं तो इन कदमों की सार्थकता मानी जा सकती है। दूसरी बड़ी कसौटी सुप्रीम कोर्ट है। चूंकि वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वत:संज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाए गए, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है। ऐसे में देखना होगा कि वह इनसे कितना आश्वस्त होता है। सरकार के इन कदमों की तीसरी सबसे बड़ी कसौटी सामान्य तौर पर देश की संसद ही होती क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र अभी चल रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश सत्र के चलते हुए भी संसद एक तरह से ठप है। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार हो जाने के बाद अब मणिपुर पर विस्तृत चर्चा भी तय हो चुकी है और प्रधानमंत्री का इस पर बयान आना भी निश्चित हो गया है। इसके बावजूद संसद में चर्चा के बजाय हंगामा, बॉयकॉट और स्थगन ही देखने को मिल रहा है, जिसे किसी भी रूप में सही ठहराना मुश्किल है।

> “ वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वत:संज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाए गए, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है।

## चुप रह जाने के भी कुछ फायदे हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और उनकी राजनीति में कई चीजें एक्स्ट्रीम वाली हैं। जैसे कई बार लगता है कि वे बहुत बोलते हैं। उनकी पार्टी की ओर से कहा भी जाता है कि अब जाकर भारत को बोलने वाला प्रधानमंत्री मिला है। तो दूसरी ओर कई बार वे पूरी तरह से चुप हो जाते हैं। एकदम ही नहीं बोलते हैं। कायदे से दोनों के बीच की स्थिति होनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री हर मंच से लंबे लंबे भाषण देते हैं। सरकारी कार्यक्रम हो, संसद का मंच हो या चुनावी सभा हो हर जगह उनको बोलना पसंद है। भारत में एक प्रधानमंत्री हुए थे पीवी नरसिंह राव, जिनको मौनी बाबा कहा जाता था। वे एकदम नहीं बोलते थे। उन्होंने चुप रह जाने को एक रणनीतिक हथियार बना लिया था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई बार चुप रह जाना जवाब देने से बेहतर होता है।

अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी किताब ‘संसद के तीन दशक’ में एक घटना का जिक्र किया है। जब वे पहली बार 1957 में लोकसभा पहुंचे थे तब वे बहुत कम बोलते थे। एक बार उनको पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा कि तुम बोलते नहीं हो नौजवान, तुमको बोलना चाहिए। तब वाजपेयी ने जवाब दिया था कि ‘बोलने के लिए सिर्फ वाणी की जरूरत होती है लेकिन चुप रहने के लिए वाणी और विवेक दोनों की जरूरत होती है। ज्यादा बोलने वाले सांसदों के सामने नेहरू कई दिन तक यह बात दोहराते रहे थे। सो, चुप रहना कई बार विवेकशील फैसला होता है। पीवी नरसिंह राव की चुप्पी उसी श्रेणी में आती थी। लेकिन कई बार चुप्पी किसी समस्या या अपनी विफलता को अस्वीकार करने के लिए होती है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार इसलिए चुप रह जाते हैं कि अगर बोलेंगे तो समस्या की मौजूदगी को स्वीकार करना होगा या अपनी विफलता स्वीकार करनी होगी। इसे कई घटनाओं के समय देखा जा सकता है। मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री किसानों के आंदोलन के समय एक साल तक चुप रहे थे। चीन की घुसपैठ और गलवान घाटी में भारत व चीनी सैनिकों की झड़प पर उन्होंने सिर्फ एक बयान दिया कि, न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। कोरोना महामारी के समय जब दूसरी लहर से देश में तबाही मची थी तब प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की अपनी चुनावी रैलियां रद्द कीं और उसके बाद एकदम चुप हो गए। ठीक 20 दिन तक उन्होंने कुछ नहीं कहा और न कहीं दिखाई दिए। जब हालात सुधरने लगे तब जाकर प्रधानमंत्री के उच्चस्तरीय बैठक करने की खबर आई।

यही स्थिति मणिपुर की हिंसा के मामले में देखने को मिल रही है। मणिपुर में कुकी और मैती समुदाय के बीच तीन मई को हिंसा शुरू हुई थी। उस समय कर्नाटक में विधानसभा के चुनाव चल रहे थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धुंआधार रैलियां हो रही थीं, रोड शो हो रहे थे। उसके बाद से पिछले करीब तीन महीने में प्रधानमंत्री ने कई राज्यों का दौरा किय और कई देशों का दौरा किया। कई कार्यक्रमों में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यानी प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के लिए सब कुछ रूटीन में चलता रहा। सिर्फ मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। वे निश्चित रूप से मणिपुर के हालात के बारे में जानकारी लेते रहे होंगे। यह भी संभव है कि उन्होंने हालात को काबू में करने के निर्देश भी दिए हों लेकिन तीन महीने में इस घटना पर कहा कुछ नहीं। हिंसा शुरू होने के 77 दिन बाद वे तब बोले, जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा करने का वीडियो वायरल हुआ। उसमें भी साढ़े आठ मिनट तक मीडिया को दिए बाइट में वे 36 सेकेंड मणिपुर पर बोले और फिर दो चुनावी राज्यों- राजस्थान और छत्तीसगढ़ का नाम लेकर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सलाह दी कि वे अपने यहां कानून व्यवस्था मजबूत करें। इस तरह मणिपुर के पूरे मामले में एक नया ट्विस्ट आ गया। उस दिन से आज तक पूरी भाजपा विपक्षी पार्टियों को उनके राज्यों में हुई घटनाओं को लेकर कठघरे में खड़ा कर रही है।

राजनीतिक रूप से देखें तो चुप रहने की रणनीति के कई पहलू हैं। पहला, चुप रहिए और इंतजार कीजिए कि समस्या अपने आप खत्म हो जाए। ज्यादातर मामलों में ऐसा होता है क्योंकि ज्यादातर समस्याएं ट्रैफिक लाइट की तरह होती हैं। थोड़ इंतजार करने पर लाल बत्ती हरी होती ही है। लेकिन जब समस्या ट्रैफिक लाइट की तरह नहीं हो तब वह अपने आप समाप्त नहीं होती है। उससे निपटने के लिए गंभीर और सक्रिय प्रयास करने होते हैं।

> “ कोई अचरज नहीं कि पिछले हफ्ते मानसून का वह खुशनुमा सवेरा मेरे लिए उस समय हताशा के घटाटोप में बदल गया, जब सोशल मीडिया सर्फिंग के दौरान मणिपुर का वह वीडियो सामने पड़ गया। दो महिलाओं की बदकिस्मती के ऐसे दृश्य देखकर मैं दहल उठा था। तब से अब तक जो हुआ है, उससे यह विचलन लगातार बढ़ता जा रहा है।

# मणिपुर, सीमा और अंजू के बहाने

शशि शेखर



पिछले हफ्ते भारत से गई अंजू पाकिस्तान के पेशावर में अपने प्रेमी नसरुल्ला के साथ शादी कर वहीं रह रही हैं। इससे पहले इन दोनों ने कहा था कि हमारे बीच कोई प्रेम-संबंध नहीं, हम सिर्फ दोस्त हैं। अंजू ने निकाह के बाद यह बयान भी दिया कि मैंने इस्लाम कुबूल कर लिया है और मैं पाकिस्तान में खुद को सुरक्षित महसूस करती हूं।

वह जिस पेशावर में रह रही हैं, वह खैबर पख्तूनख्वा सूबे की राजधानी है। अफगानिस्तान से सटे होने के कारण भारत के किसी असुरक्षित से असुरक्षित माने जाने वाले इलाके से भी कहीं ज्यादा खतरनाक इस भूभाग के मूल निवासी तक सहमे रहते हैं कि न जाने कब धमाका हो जाए। न जाने कहां से दहशतगर्द हमला कर दें। ऐसे में, अंजू यानी नसरुल्ला वहां खुद को महफूज कैसे पा सकती हैं? यही नहीं, पाकिस्तान पहुंचने के बाद वह निरंतर बयान बदलती रही हैं। इन उलटबांसियों के निहितार्थ जानना जरूरी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि पाकिस्तानी हुकूमत इस बहाने अपने लोगों को यह समझाना चाहती है कि अब हिसाब बराबर हो गया?

आप समझ गए होंगे। पाकिस्तान से चार बच्चों सहित उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में आ पहुंची सीमा हैदर ने पिछले कुछ हफ्तों से सरहद के दोनों तरफ हलचल मचा रखी थी। जिस तरह अंजू खुद को पाकिस्तान में ‘महफूज’ पाती हैं, वैसे ही सीमा को अपना और अपने बच्चों का भविष्य यहां ‘सुरक्षित’ लगता है। दो महिलाएं, दो धर्म, दो देश और दोनों मुल्कों के बीच पैदाइशी रंजिश, पर कहानी एक। मीडिया सर्कस ने इन महिलाओं को सुर्खियों में पहुंचा दिया और तमाम वे खबरें, जो समाचारों के शीर्ष पर होनी चाहिए थीं, परिदृश्य से नदारद हो गईं। दोनों देशों में इसे वतन की खुशहाली या आकर्षण से जोड़ा जाने लगा। कुछ इसे ‘देशहित’ के खिलाफ षड्यंत्र साबित करने में जुट पड़े, जबकि हर समझदार शख्स यही कहेगा कि अंजू और सीमा के मामले राष्ट्रीय अस्मिताओं से नहीं जोड़े जा सकते। महिलाओं के प्रति निर्मम रवैये का यह अकेला उदाहरण नहीं है। सदा-सर्वदा से वे कुत्सित राजनीति अथवा पुरानी अदावत का शिकार बनती आई हैं।

एक आपबीती बताता हूं।

कोई अचरज नहीं कि पिछले हफ्ते मानसून का वह खुशनुमा सवेरा मेरे लिए उस समय हताशा के घटाटोप में बदल गया, जब सोशल मीडिया सर्फिंग के दौरान मणिपुर का वह वीडियो सामने पड़ गया। दो महिलाओं की बदकिस्मती के ऐसे दृश्य देखकर मैं दहल उठा था। तब से अब तक जो हुआ है, उससे यह विचलन लगातार बढ़ता जा रहा है। मणिपुर के आततायियों ने गिने-चुने लोगों के सामने उन्हें इस बेबसी तक पहुंचाया था, पर इस वीडियो ने उन्हें हमेशा के लिए समूचे संसार के सामने निर्वस्त्र कर दिया है। यह निर्लज्जता नई नहीं है। इसके अंजाम हमेशा भयंकर होते हैं।

अपनी बात को समझाने के लिए आपको कुछ देर के लिए इतिहास की गलियों में ले चलता हूं। पृथ्वीराज चौहान ने संयोगिता का अपहरण किया या वह खुद उनके साथ आई, इस पर मतभेद है। तय है, तो सिर्फ इतना कि संयोगिता के पिता राजा जयचंद इस घटना से बेहद अपमानित महसूस करने लगे थे। वह इतने आहत थे कि उन्हें मोहम्मद गोरी की गोद में जा बैठने तक से संकोच नहीं हुआ। इसके बाद जो हुआ, वह जगजाहिर है। राजा पृथ्वीराज चौहान यकीनन बहुत बड़े योद्धा थे, पर उनकी पराजय ने भारत में गुलामी की नींव पुख्ता की थी। काश! वह घड़ी टल सकती।

दुर्भाग्यवश, ऐसे हादसे कभी टलते नहीं। यही वजह है कि मणिपुर में हिंसा का दौर अभी थमा नहीं है। असहजता, असंतोष और अलगाव का दुखद फैलाव वहां तीसरा महीना पूरा करने जा रहा है। अब तक 150 लोग मारे जा चुके हैं और हजारों बेघर हैं। अंधे उन्माद के शिकार इन हजारों लोगों के प्रति करुणा महसूस करते हुए यह सवाल जरूर मन में उठता है कि उन्हें अपने देश में, अपने ही पड़ोसियों का कोपभाजन क्यों बनना पड़ा? यहां एक और प्रश्न दिल को दुखाता है। मणिपुर में महिलाओं के साथ बदसुलूकी की घटना 4 मई को हुई। वहां की सरकार और महिला आयोग भले ही आंख पर पट्टी बांधे बैठे रहे, लेकिन क्षेत्रीय और विपक्षी दलों ने क्यों चुप्पी साध रखी थी? मणिपुर में उनके कार्यकर्ताओं का भी तो संजाल है। वे भूल क्यों गए, हुकूमत आज भले ही किसी के पास हो, पर समाज और देश तो सबका है? क्या वह वीडियो किसी खास रणनीति के तहत हफ्तों दबाए रखा गया?

यही वजह है कि इस मुद्दे पर होने वाली राजनीति तमाम सवाल खड़े करती है। सियासतदां भला कब तक इस बहस में उलझे रहेंगे कि मेरी कमीज तेरी कमीज से अधिक साफ है? आज जो सत्ता में हैं, वे कल विपक्ष में थे। आज का विपक्ष कल सत्ता में आ सकता है, पर भारत और भारतीयों की रक्षा किसी दल विशेष का काम नहीं है। हमारी राजनीतिक बिरादरी इस मुद्दे पर साझा सुर से बोलने की हिम्मत कब जुटा पाएगी?

मणिपुर के हादसों का एक और अभागा पहलू! सार्वजनिक तौर पर अपमानित हुई महिलाओं में से एक का पति पहले सेना में जवान था। कारगिल युद्ध और श्रीलंका में वह भारत की आन-बान-शान के लिए जान हथेली पर रखकर लड़ा था। उसे खुली आंखों से अपनी पत्नी का अपमान देखना पड़ा। जो शख्स देश के दुश्मनों से नहीं हारा, उसे अपनी धरती पर अपने लोगों ने कभी न खत्म होने वाला पराजय-बोध दे दिया। गुजरी 26 जुलाई को ‘विजय दिवस’ मनाते हुए कितनों के मन में यह सवाल उठा कि क्या हम अपने जवानों का ऐसे ही मान रखते हैं?

सोशल मीडिया के सुपारी योद्धाओं ने भी हमेशा की तरह इस आग को बढ़ाने में बड़ी भूमिका अदा की है। इस अभागे उत्तर सत्य युग में बहुतों ने नफरत फैलाने का व्यवसाय जमा लिया है। ऐसे लोग पेशेवर कातिलों से कहीं ज्यादा खतरनाक हैं। सेना और पुलिस अब उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बना रहे हैं, क्योंकि एक वीडियो में वर्दी पहने हुए व्यक्ति को महिला के साथ दुर्व्यवहार करते दिखाया गया था। ऐसे झूठे और रचे गए वीडियो अथवा पोस्ट हमारे जांबाजों पर कैसा दुष्प्रभाव डालेंगे?

संवेदनहीन नंगनाच के इस दौर में संवेदना तलाशना और उसे आगे बढ़ाना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है।

ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि उत्तर-पूर्व में यह आशंका घर करने लगी है कि मणिपुर की लपटें मिजोरम और आसपास भी फैल सकती हैं। नस्लीयता की आंधी को इसलिए जस का तस रोकना बहुत जरूरी है। उसके शोले कभी भी नया ठिकाना तलाश सकते हैं।

# वह दुखियारों के देश में देवदूत जैसे उतरे

मणिलाल डॉक्टर, स्वतंत्रता सेनानी व वकील

आज हमें बस अपनी नाक से मतलब रह गया है। अपनी नाक से आगे की दुनिया हमारे लिए बेमानी होती जा रही है। हमारी छटांक भर कहानी अपने पेट के एक स्वार्थ से शुरू होकर किसी दूसरे स्वार्थ पर खत्म हो जाती है। जाहिर है, गुलामी का दौर भी हम भूलते जा रहे हैं और हमें लगता है, आजादी तो मुफ्त में मिली है। जिंदगी में आनंद के इतने मेघ बरस रहे हैं कि लोग भूलते जा रहे हैं कि कितने सेनानी हमारे लिए कितना लड़े थे। भारतीयों को अपनी आजादी की लड़ाई न जाने कहां-कहां लड़नी पड़ी थी?

वह दौर ऐसा था, जब इस गुलाम मिट्टी ने अपनी जरूरत के हिसाब से अनगिनत रणबांकुरे पैदा किए थे। वह भी एक युवक था, जो वकालत की पढ़ाई पूरी करके बेचैन था कि कहां अपनी ऊर्जा लगा दे, कहां उसकी ज्यादा जरूरत है? कहां इंसानियत गुलामी की बेड़ियों में कराह रही है? जबकि वह बैरिस्टरी करके लाखों रुपये कमा सकता था, पर लंदन की होम रूल सोसायटी के साथ उठते-बैठते वह 25 साल का गुजराती इतना तो जान चुका था कि ज्यादातर भारतीय वकील देश सेवा में लगे हैं। संयोग से उन दिनों 37 वर्षीय बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी दक्षिण अफ्रीका से एक सम्मेलन में भाग लेने लंदन आए हुए थे। वह युवा भी उनसे मिलने पहुंच गया और उनसे आगे जीवन के बारे में मार्गदर्शन मांगा। गांधी चूंकि उन दिनों जालिम अंग्रेजी शासन के खिलाफ आंदोलनों में सक्रिय हो चुके थे, इसलिए उनके पास दुनिया भर से चिट्ठियां आती थीं, जिनमें लोगों की दुखद दास्तान होती थी, बार-बार मदद की गुहार होती थी। गांधी ने उस युवक का जोश, जज्बा और जुनून समझने के बाद कहा था, ‘तुम भारत या दक्षिण अफ्रीका मत जाओ, मॉरीशस चले जाओ। वहां बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर विकट अमानवीय स्थितियों में किसी तरह गुजारा कर रहे हैं, उनका भयानक शोषण हो रहा है, उनकी आवाज उठाने वाला वहां कोई नहीं है? तुम्हारे वहां जाने से लोगों को बहुत सहारा मिलेगा।



युवक को एक झटके में जिंदगी का मकसद मिल गया। ऐसा लगा, मानो जंग के मैदान में सैनिक रूप में बहाली हो गई हो, लगे हाथ एक सुरक्षा चौकी भी हासिल हो गई हो- मॉरीशस। पूरी तैयारी से वह युवा 11 अक्तूबर, 1907 को मॉरीशस की धरती पर किसी देवदूत की तरह उतरा। बरसों से इंतजार करते वंचित-शोषित भारतवंशियों ने सजल नयनों के साथ हाथ जोड़कर स्वागत किया था। सागर तट पर नारे लगे- मणिलाल डॉक्टर जिंदाबाद। पहली बार उनकी पैरवी के लिए कोई भारतीय बैरिस्टर मॉरीशस पधारा था। कुछ लोगों को लगा था कि यह 25-26 का युवा घाघ यूरोपीय जालिमों से कैसे लड़ पाएगा, पर जब मणिलाल डॉक्टर अदालत में पेश हुए, तो इतिहास बन गया। अदालत में आते ही गुलामी की परंपरा के अनुसार उनसे कहा गया कि पगड़ी उतारिए, जवाब मिला, ‘नहीं उतारूंगा, पहले कानून या लिखित नियम बताओ।’ धमकाया गया, ‘जूते उतारिए, जज साहब के सामने आप जूते पहनकर नहीं जा सकते,’ तब भी मणिलाल अड़ गए, ‘जूते क्यों उतारूं? ऐसा कानून या नियम है क्या?’

पहली मुलाकात में ही गोरों की एक भी बदमाशी न चली। यह खबर जंगल में आग की तरह मॉरीशस में फैली। हर भारतीय की आंखों में खुशी के आंसू चमक उठे कि एक युवा वीर उनकी मजबूत पैरवी के लिए आ गया है। उन दिनों भारतीयों पर अत्याचार की पराकाष्ठा हो चली थी। मॉरीशस के सारे कानून कुछ ज्यादा ही कड़ाई या नफरत के साथ भारतीयों पर थोपे जाते थे। मणिलाल के लड़ने के लिए एक से बढ़कर एक मुकदमे थे। मार्डेमूटू नाम के भारतीय को महज दो कद्दू चुराने के जुर्म में छह महीने की जेल हुई थी। कब्रिस्तान से एक फूलदान ले जाने पर एक गिरमिटिया मजदूर को तीन साल की सजा हुई थी। मणिलाल ने भारतीयों के पक्ष में एक से बढ़कर एक मुकदमों को अंजाम तक पहुंचाया। कानून-व्यवस्था को भारतीयों के अनुकूल बनाने में खुद को समर्पित कर दिया। 28 जुलाई, 1881 को जन्मे मणिलाल केवल मुकदमों तक सीमित नहीं रहे, उन्होंने मॉरीशस में पहली राजनीतिक पत्रिका : हिन्दुस्तानी का प्रकाशन शुरू किया, जिसका आदर्श वाक्य था : व्यक्तियों की स्वतंत्रता, लोगों में भाईचारा और जातियों में समानता। बाद में मणिलाल डॉक्टर को गांधीजी ने स्वतंत्रता सेनानी तोताराम सनाढ्य की गुहार पर फिजी की सेवा के लिए भेजा था। आज फिजी भी मणिलाल डॉक्टर को बहुत याद करता है। मॉरीशस में प्रतिवर्ष 11 अक्तूबर को मणिलाल दिवस मनाया जाता है। आजाद भारत में 8 जनवरी, 1956 को अंतिम सांस लेने वाले मणिलाल को अपने आखिरी दिनों में गहरा संतोष था कि उनकी जिंदगी एक ही नहीं, अनेक देशों में भारतीयों के काम आई।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

# पृथ्वी की गर्मी पर दो खलनायकों की गरमागरमी

श्रुति व्यास



क्लाइमेट चेंज से जुड़े मसलों में राष्ट्रपति बाइडन के खास कूटनीतिज्ञ जान कैरी इस समय भारत में हैं। भारत आने से ठीक पहले वे चीन में थे। चीनियों से उनकी चर्चा काफी हद तक असफल रही। सच तो यह है कि शी जिनपिंग और उनके मातहतों ने कैरी से दो टूक कह दिया चीनी अपने हिसाब से, अपनी स्पीड से कार्बन डाइऑक्साइड प्रदूषण से निज़ात पाने का काम करेंगे। जाहिर है चीनियों को बीजिंग में बढ़ते तापमान और हीट वेव की फिक्र नहीं है, भले जीना दूभर हो। धरती के हालात उनकी प्राथमिकता नहीं हैं। उनकी प्राथमिकता ताकत दिखाना है। दुनिया को यह मानने के लिए मजबूर करना है कि चीन एक बहुत बड़ा और एक बहुत ताकतवर देश है।वह अपने हिसाब से काम करेगा।

दरअसल विकासशील देशों की तरह बीजिंग भी चाहता है कि पहले अमरीका यह माने कि अतीत में उसके द्वारा किया गया प्रदूषण ही क्लाइमेट चेंज के लिए जिम्मेदार है।

अमेरिका और चीन के संबंध ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से खराब होने शुरू हुए। ट्रंप ने चीन पर जलवायु को तबाह करने का आरोप लगाया। संबंधों में और कड़वाहट तब घुली जब ट्रंप ने कोविड वायरस को चीनी वायरस कहना शुरू किया। चीन से ट्रेड वॉर में ट्रंप ने चीन के क्लीन एनर्जी उत्पादों पर भारी कस्टम ड्यूटी लाद दी। बाईडन के आने के बाद भी दोनों देशों के रिश्तों में खास बदलाव नहीं आया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा, चीनी जासूसी गुब्बारों के अमेरिकी आकाश में तैरता पाए जाने, और चीन द्वारा अमरीका को टेक्नोलॉजी निर्यात में बाधाएं खड़ी करने के बाद से दोनों देशों के बीच कटुता बहुत बढ़ गई है।

तभी संबंधों में तनाव की गर्मी में ठंडे दिमाग से बातचीत भला कैसे हो सकती है! दोनों देश सांड़ों की तरह एक दूसरे से उलझे हैं। एक-दूसरे के साथ-साथ सारी दुनिया को चोट पहुंचा रहे हैं। तभी आशा नहीं थी कि जलवायु संबंधी चर्चा के दौरान दोनों देश अपने मतभेदों और नफरत को ताक पर रखकर पृथ्वी की फिक्र करेंगे। चीन का मानना है कि अमेरिका उस पर अपनी शर्तें लाद रहा है और क्या किया जाए, कैसे किया जाए इस बारे में उसे हुक्म के लहजे में बता रहा है। चीन द्वारा आधिकारिक रूप से जारी बातचीत के सकारात्मक विवरण में बताया गया कि वांग यी, जो विदेशी मामलों से संबंधित आला हुक्काम हैं और शी जिनपिंग के सलाहकार हैं, ने जॉन कैरी से कहा कि जलवायु संबंधी मामलों में अमेरिका के साथ सहयोग दोनों देशों के संबंधों के व्यापक कैनवास से अलग नहीं हो सकता।

हालांकि जॉन कैरी चीन से रवाना होते समय ‘आशान्वित’ थे। कैरी ने कहा, “हमने खुलकर बातचीत की है पर हम यहां एक नयी शुरुआत करने आये थे। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा, यह साफ है कि हमें अभी थोडा और काम करने की जरूरत है।

कहना गलत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग कितनी होगी यह चीन और अमेरिका द्वारा लिए जाने वाले फैसलों पर निर्भर करेगा। चीन अब दुनिया के लगभग एक-तिहाई प्रदूषणकारी एमिशन के लिए जिम्मेदार है, जो सभी विकासशील देशोंद्वारा किए जा रहे कुल प्रदूषण से ज्यादा है। गर्म होती दुनिया के सबसे खराब नतीजों से बचने के लिए यह जरूरी है कि अमेरिका, जो मानव इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषक रहा है, चीन के साथ मिलकर कार्बन प्रदूषण में कमी लाए। सीओपी28 के पहले के हफ्तों और महीनों में अमरीका और चीन पर यह दबाव रहेगा कि वे सारी दुनिया के फायदे के लिए अपने तेवरों और मतभेदों में कमी लाएं। आखिरकार ये दोनों दुनिया की दो महाशक्तियां हैं और पृथ्वी पहली ही इतनी गर्म हो चुकी है कि उसमें इन देशों की बीच गर्मागर्मी को सहने की ताकत नहीं है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे जल मितान - कौशल विकास कार्यक्रम की समीक्षा की

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने कलेक्टर कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे जल मितान - कौशल विकास कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजना के पूर्ण होने के पश्चात नियमित रख- रखाओ और सञ्चालन ग्रामीणों द्वारा ही किया जाना है। इस सम्बन्ध में ग्राम द्वारा चयनित प्रतिभागियों को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, एवं हेल्पर 3 ट्रेड में एक दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाता है जिन्हे हम च्जल मितानज्ज् कहते है। साथ ही जल मितान को बहु कौशल बनाने एवं उद्यमिता (स्व-रोजगार) से जोडने हेतु जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ एवं यूनिसेफके सयुक्त तत्वाधान से च्च् जल मितान-युवा उद्यमी च्च् पहल भी की गयी है जिसके तहत विभाग द्वारा प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त जल मितानो को यूनिसेफ द्वारा 12 तथा 21 दिवसीय, विशिष्ट एवं उद्यमी प्रशिक्षण दिया जाता है। दुर्ग जिले में इस परियोजना की तहत अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 117 जल मितान को प्रारंभिक प्रक्षिक्षण दिया गया है। जिनमे से यूनिसेफद्वारा 51 जल मितानो विशिष्ट बहु कौशल प्रक्षिक्षण एवं 8 जल मितानो को उद्यमी प्रक्षिक्षण दिया गया है जो की बहुत ही सफल पाया गया है। उद्यमी प्रशिक्षिण के पश्चात जल मितान की अधिकतम आय 3 हजार रुपये एवं औसतन आय 19 हजार रुपये प्रति माह तक की कमाई कर रहे है।

### नेहरू युवा केंद्र ने जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन

**गरियाबंद।** नेहरू युवा केंद्र,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में ज़िला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उक्त कार्यक्रम की थीम अमृत काल के पाँच प्रण पर थी।अर्पित तिवारी,ज़िला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा की कार्यक्रम की अमृत काल के पाँच प्रण पर रखी गयी थी जिससे युवाओं को देश विदेश में नीतियों का समग्र जानकारी मिल सके। यह कार्यक्रम ज़िला स्तर पर होने के बाद राज्य स्तर फिर राष्ट्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। ज़िला स्तर पर जो विजेता रहेंगे उन्हें नियमानुसार राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर मौक़ा मिलेगा।वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय के प्राचार्य डा तलवरे ने बताया की युवा उत्सव जैसे कार्यक्रम युवा कल्याण के लिए सबसे लाभकारी हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापक सी एल तारक ने बताया की यह महाविधालय व ज़िले के लिये गर्व की बात है सत्यम कुम्भकार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने बताया कि युवा उत्सव के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्राप्त होता है साथ आवाज़ को पहुँचाने का अवसर भी मिलता है।

# विश्व बाघ दिवसः छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनी को देश भर के लोगों ने सराहा

### बाघ संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और इको डेव्हलपमेंट कमेटी आधारित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### छत्तीसगढ़ के गुजराल सिंह बघेल को ट्रायबल आर्ट कैटेगरी में मिला प्रथम पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ग्लोबल टाईगर-डे के अवसर पर आज जिम कार्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड में बाघ संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और इको डेव्हलपमेंट कमेटी आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के तीनों टाईगर रिजर्व द्वारा लगाये गए स्टॉलों को देश भर के लोगों ने सराहा। अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत संचालित मैकल शहद सोसायटी (बोइराहा) का वाइल्ड रॉ हनी, गरिमा मंच (गनियारी) के जैविक उत्पाद, छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के उत्पाद ने लोगों का ध्यान खीचा और इसके बारे में जानने के लिए वनप्रेमियों में उत्सुकता दिखी। इसके साथ ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व के गिद्ध संरक्षण प्रोग्राम व 'बेल मेटल आर्ट' की प्रदर्शनी और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित इको टूरिज्म के जरिए आजीविका आधारित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के टाईगर रिजर्वों में वन्यप्राणियों तथा मानव के सहअस्तित्व को बनाए रखने के लिए की जा रहे प्रयासों की झलक दिखी। ग्लोबल टाईगर-डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) व चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल, अचानकमार टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एस. जगदीशन, इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर आर.के. पाण्डेय, तीनों टाईगर रिजर्व से स्व-सहायता समूह/इको डेवलपमेंट कमिटी के सदस्य सहित अन्य वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।



विश्व बाघ दिवस के अवसर पर जुलाई में देश भर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उम्र का कोई बंधन नहीं रखा गया था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बस्तर के गुजराल सिंह बघेल को ट्रायबल आर्ट कैटगरी ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य मंत्री पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अश्विनी कुमार चौबे के हाथों सुधीर अग्रवाल, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने पुरस्कार ग्रहण किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने की मंडल अध्यक्षों की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के अनुमोदन एवं मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढ़ई, विजय ताम्रकार, डॉ. सुनील साहू, एवं फत्तेलाल वर्मा की अनुशंसा से अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसफ ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है, जो निम्नानुसार है : चंडी शीतला मंडल अध्यक्ष शेख फारुख चौधरी और मंडल महामंत्री सोहराब खान, अय्याज खान, कसारीडीह बोरसी मंडल अध्यक्ष शेख मतीम और महामंत्री फरीद मोहम्मद, उतई मंडल अध्यक्ष नवाब खान, मंडल महामंत्री इमरान तथा गंजपारा सदर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जैन होंगे।

अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पश्चात जिला भाजपा जितेंद्र वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 वर्षों के शासनकाल में अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लाई गई एवं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेकों योजनाएं चल रही है। तीन तलाक की समाप्ति, अल्पसंख्यक मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ-साथ सभी अल्पसंख्यक समुदाय को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, कोरोनावायरस रोकथाम के लिए फ्री वैक्सीनेशन, किसान सम्मान निधि जैसे अनेकों योजनाओं का लाभ मिला है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना के साथ अल्पसंख्यक कल्याण को लेकर भाजपा गंभीर है। इन सारी उपलब्धियों को अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंचाने का जिम्मा मोर्चा का है। नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में नजरुद्दीन खोखर, अमजद अली, गुरदीप सिंह, महेश कुमार जैन, एमआई कुरेशी, रजा खोखर, सैयद आसिफ अली, जाकिर खोखर, जमील खान, वसीम कुरेशी, कासिम अली, इस्टपाल भाटिया, इकराम कुरैशी, महेंद्र लोढ़ा, पवन जैन, तरसेम सिंह ढिल्लों, शेख शकील मोहम्मद, अनीश हाशमी, संपूर्ण सिंह सैनी, यासीन दीवान, सरफराज खोखर, नवीन पारख, ऐजी मैथ्यू, वैभव पटोरीया, साबिर गहलोत है।

## प्रेरणा महिला मंडल ने मनाया सावन सखी मिलन समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** प्रेरणा महिला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व के आवासीय परिसर में स्थित सीनियर क्लब में दिनांक 27 जुलाई 2023 साय 4. 30 बजे ष्सावन सखी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर से पधारी श्रीमती प्रभा कटियार, प्रथम महिला सीएसपीजीसीएल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही।

कार्यक्रम में आकृति महिला मंण्डल मड़वा की अध्यक्षा श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं संकल्प महिला मण्डल कोरबा पश्चिम की अध्यक्षा श्रीमती निहारिका शर्मा विशेष आमंत्रित सदस्या के रूप में उपस्थित रही। श्रीमती अल्का शर्मा की अध्यक्षता में तींज उत्सव कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। कार्यक्रम में कमेटी द्वारा अनेकता में एकता दर्शाया गया महिलाओ द्वारा प्रकृति के पांच तत्व पानी, हवा, आग और अकाश पंचतत्व पर सुंदर सी प्रस्तुति जिसका उद्देश्य था. प्रकृति संरक्षा जिसे काफी सराहा भी गया। सभी महिलाओं ने सावन झूले का आनंद लिया। प्रेरणा महिला मण्डल के सदस्यों द्वारा बनाई गई कलाकृतियो का प्रदर्शनीय भी रखी गई। कार्यक्रम में सावन प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी के बीच में सावन क्वीन शांति पटेल चुनी गई एवं रनर गीता पैकरा रहीं।

कार्यक्रम मे उपस्थित उपाध्यक्षा श्रीमती अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, विभा कुरनाल, प्रियंका पाटले, अल्का कंसल, सचिव अनिता टंण्डन, कोषाध्यक्ष स्मिता शर्मा सहसचिव पदमा जांगड़े, रंजिता कश्यप खेल सचिव सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता रही। कार्यक्रम में मंच का संचालन हेमलता गुरूपंच एवं सुनीता शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित की

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा जारी की गई अपनी नई कार्यकारिणी में राज्यसभा सांसद, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर सुश्री सरोज पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात उनके जल परिसर स्थित कार्यालय में भाजपा के कार्यकर्ताओं, समर्थकों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की बधाई प्रेषित करने वालों में चेंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारिक संगठन ,सामाजिक संगठन ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।




इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय सबसे पहला भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हृदय से धन्यवाद एवं साधुवाद ज्ञापित करती हूं पूर्व में पार्टी ने मुझे विभिन्न पदों पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया राष्ट्रीय महासचिव ,राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं विभिन्न दायित्व समय समय पर मुझे प्राप्त हुए पुन: फिर से एक बार पार्टी ने मुझ पर भरोसा करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया है पूर्व की तरह दायित्व का निर्वाह करूंगी और भारतीय जनता पार्टी को देश एवं प्रदेश में भाजपा की जीत सुनिश्चित करूंगी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को उनकी बधाई एवं शुभकामनाएं स्वीकार कर धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर उषा टावरी राजेंद्र शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी पूर्व विधायक सावला राम डहरे अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार कांतिलाल जैन गोलू जिला मंत्री मनोज मिश्रा दीपक चोपड़ा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सरिता मिश्रा नितेश साहू रिंकी अग्रवाल सत्येंद्र सिंह विजय जयसवाल भूषण अग्रवाल मौसमी ताम्रकार श्वेता बक्शी तनुजा बघेल मीनू निषाद रहे।

# मुहर्रमः याद आए कर्बला के शहीद, पढ़ी गई दुआए आशूरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हक के लिए अपनी शहादत देने वाले हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में शनिवार को शहर में ताजिया निकला। अलग-अलग हिस्सों से ताजिये के साथ सवारियां और अखाड़े भी जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान फातिहा ख्वानी और दुआओं में कर्बला के तमाम शहीदों को याद किया गया। सुपेला में अंडरब्रिज निर्माण की वजह से शहर के ताजिए दो अलग-अलग रास्तों से निकले।



जिसमें सुपेला और पावर हाउस चौक में इकट्ठा होने के बाद एक जुलूस पूर्व निर्धारित सेक्टर-1 और सेक्टर-6 मस्जिद से होते हुए जेपी चौक से सिक्स ट्री एवेन्यू होते हुए फिर पावर हाउस पहुंचा। इसके बाद यहां से देर रात जुलूस कर्बला मैदान पहुंचा, जहां फातिहा ख्वानी के बाद लोग अपने घरों को लौटे। रिवायत के मुताबिक मुहर्रम का जुलूस बीती रात यानि 9 मुहर्रम को भी निकला। जिसमें अपनी-अपनी बस्तियों से निकलकर अलग-अलग मार्ग से होते हुए पावर हाउस चौक पर इकट्ठा हुए और अपने-अपने ताजिया-अखाड़े का प्रदर्शन कर सुबह 4 बजे वापस अपने अपने क्षेत्र के इमामबाड़ा पर लौट गए। 9 मुहर्रम की रात फरीद नगर और जेपी चौक-सेक्टर 6 ईदगाह के समीप अलाव का प्रदर्शन हुआ। जिसमें अकीदतमंदों ने अंगारों पर चल कर कर्बला के शहीदों के लिए अपनी मुहब्बत का इजहार किया।

शनिवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख पर शहर में जगह-जगह लंगर रखे गए। वहीं दोपहर में तमाम मस्जिदों में दुआए आशूरा पढ़ी गई। इस दौरान बड़ी तादाद में नमाजी इकट्ठा हुए।

मुहर्रम का मुख्य जुलूस दोपहर में निकला। सुपेला क्षेत्र में अंजुमन शहीदीया के साथ-साथ अन्य अंजुमनों के ताजिए फरीद नगर क्षेत्र से निकले। अंजुमन शहीदीया के संस्थापक हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि इस साल सुपेला अंडर ब्रिज बनने की वजह से सुपेला ,फरीद नगर, लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर इस्लाम नगर, व बड़ा इमामबाड़ा के तमाम ताजिए फरीदनगर के विभिन्न मार्गों से गदा चौक होते हुए सुपेला चौक अंजुमन शहीदिया इमामबाड़े के पास अपने-अपने ताजिया अखाड़े लेकर पहुंचे। यहां अपने-अपने अखाड़ों के प्रदर्शन के बाद देर रात फोरलेन सैलानी बाबा के मजार के पास कर्बला मैदान पहुंचे। बाकी सभी ताज़िये, अखाड़ा, तंज़ीमे, अपने अपने चौक इमामबाड़ों से जुलूस के साथ अपने तय शुदा रास्तों से दोपहर 2 बजे निकलकर पावर हॉउस ओवर ब्रिज होते हुए इक्विपमेंट चौक पहुंचे। जहाँ से सेंट्रल एवेन्यू रोड होते हुए सेक्टर 5 चौक होते हुए सेक्टर 6 जामा मस्जिद रोड होते हुए जेपी चौक से गैरेज रोड होते हुए ओवर ब्रिज से पावर हॉउस चौक पहुंचे। यहाँ से फिर फोर लेन रोड होते हुए तमाम ताजिए कर्बला मैदान पहुंचे। मुहर्रम के जुलूस को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। वहीं मोहर्रम कर्बला कमेटी भिलाई ने जुलूस के दौरान शासन प्रशासन से गैरेज रोड , पावर हाउस चौक, इक्विपमेंट चौक पर व्यवस्था के सम्बन्ध में कलेक्टर, एसपी, नगर पालिक निगम भिलाई और सभी संबंधित थाना प्रभारियों को पहले ही ज्ञापन दे दिया था। देर रात फातिहा ख्वानी के साथ कर्बला मैदान में मुहर्रम का जुलूस खत्म हुआ।

### पौष्टिक छुरिया रागी एवं कोदो आटा अब अमेजन, सी-मार्ट, एवं स्थानीय स्टोर्स में बिक्री के लिए उपलब्ध

**राजनांदगांव।** पौष्टिक छुरिया रागी एवं कोदो आटा अब अमेजन, सी-मार्ट, एवं स्थानीय स्टोर्स में बिक्री के लिए उपलब्ध है। कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन में रागी एवं कोदो की प्रोसेसिंग के बाद इनके ब्रांडिग एवं पैकेजिंग का कार्य किया गया है। पोषक तत्वों से भरपूर रागी एवं कोदो आटा सुपरफूड है, यह स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। कोदो खाने से पोषण मूल्य के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। यह एक सुपरफूड होता है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। जैसे कि विटामिन ई, फास्फोरस, पोटेशियम और मैग्नीशियम से समृद्ध होता है। इसे नियमित रूप से खाने से हृदय स्वस्थ रहता है।


BIG BRAND
Premium Store

30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### मतदान जागरुकता के लिए सीईओ ने ली कॉलेज के प्राचार्यो की बैठक

**रायपुर (ए)।** आगामी चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक में युवा व नवीन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने निर्देशित किया। मिश्रा ने जिले के 09 विश्वविद्यालयों तथा 150 महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत् प्रचार-प्रचार अभियान चलाने कहा। उन्होंने बताया की स्वीप कोर टीम द्वारा महाविद्यालयों में चुनावी पाठशाला का भी आयोजन किया जायेगा।

### बेलदार सिवनी में 51 पार्थिव शिवलिंग का किया रूद्राभिषेक

**रायपुर।** ग्राम बेलदार सिवनी में दीदी मां प्रज्ञा भारती ने महा रुद्राभिषेक करवाया। बेलदार सिवनी में हुए इस भक्तिमय आयोजन में पूरे ग्रामवासी मौजूद थे। यहां महादेव की प्राचीन मूर्ति है, जिसका साल में 3 बार रूप बदलता है। यहां दीदी मां प्रज्ञा भारती के सानिध्य में 51 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक भक्तों ने किया। ग्राम के सरपंच मुकेश वर्मा के साथ सभी पंच भी मौजूद थे।

शोभायात्रा को पूरे गांव में भ्रमण करवाया गया। सिवनी का महादेव प्राचीन काल का है। ग्राम के बुजुर्ग और किसानों का साफि गमछा से स्वागत भी किया गया। प्रदेश मंत्री बबलू शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व में चल रहे तीर्थ योजना को बंद करके बहुत गलत किया है। लोग महा रुद्राभिषेक में शामिल होकर बहुत खुश है। आयोजन में राजकुमार ठाकुर, रुपेण कटरिया, सरजू साहू, नद पाल, खेमनाथ नायक, शामिल थे।

### कुर्मी मंगल भवन बनाने के लिए दिया 20 लाख का चेक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई बलौदाबाजार की ओर से कुर्मी मंगल भवन निर्माण हेतु जिलाध्यक्ष टेशुलाल धुरंधर ने 20 लाख के चेक कुर्मी भवन बलौदाबाजार के प्रभारी गणेश बघमार को प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश कुर्मी समाज के जिला कोषाध्यक्ष सीपी चंद्राकर और नगर अध्यक्ष नरसिंह वर्मा उपस्थित थे।

### पुरुषोत्तम मास महोत्सवः हार्दिक ब्यास के भजनों पर झूमे लोग

**रायपुर।** नगर के मारवाड़ी कुवां शिव मंदिर में इस समय धर्म की गंगा बह रह रही है। 13 साल के नन्हें बालक राजनांदगांव निवासी हार्दिक ब्यास ने पुरषोत्तम मास महोत्सव में ऐसा धमाल मचाया कि उपस्थित लोगों को नाचने में मजबूर कर दिया। दो दिन पूर्व राधाष्टमी को बिलासपुर की कुमारी रूचिता तिवारी ने भी खूब वाही वाही लूटी थी। राजनांदगांव में कक्षा आठवीं में अध्यनरत बालक हार्दिक ब्यास का नगर में चल रहे पुरषोत्तम मास महोत्सव में भजन का कार्यक्रम था। यहां दशमी का पर्व मनाया गया। जिसमे भगवान परशुराम का पूजन का कार्यक्रम महिला मंडल द्वारा किया गया।

वहीं रात्रि में रामदेव बाबा का जगराता कार्यक्रम हुआ। जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने बाबा की जोत ली। इस अवसर पर हुए भजन में राजनांदगांव के 13 साल के बालक हार्दिक ब्यास ने भजनों की जो श्रृंखला चालू की, उसकी आवाज को सुनने राह पर चलने वाले भी इस भक्तिमय कार्यक्रम में अपने आप को शामिल करने से रोक नहीं पाए। धामनगांव में जगराता कार्यक्रम में जाएगा बालकः ये बालक अब आगामी 6 अगस्त को महाराष्ट्र के धामनगांव में बाबा का जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति देने जा रहा है। अधिकमास महोत्सव में दोपहर में नगर की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होता है वही रात के समय नगर सहित बाहर से आमंत्रित गायकों कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन होता है,जिसे सुनने महिला पुरुष काफी संख्या में आयोजन स्थल पर उपस्थित रहते हैं।

# मुख्यमंत्री ने युवाओं से प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का किया आव्हान

## बाघ संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और इको डेव्हलपमेंट कमेटी आधारित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

छत्तीसगढ़ के गुजराल सिंह बघेल को ट्रायबल आर्ट कैटेगरी में मिला प्रथम पुरस्कार

प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के तीनों टाईगर रिजर्व द्वारा लगाये गए स्टॉल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** ग्लोबल टाईगर-डे के अवसर पर आज जिम कार्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड में बाघ संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता और इको डेव्हलपमेंट कमेटी आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के तीनों टाईगर रिजर्व द्वारा लगाये गए स्टॉलों को देश भर के लोगों ने सराहा। अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत संचालित मैकल शहद सोसायटी (बोइराहा) का वाइल्ड रॉ हनी, गरिमा मंच (गनियारी) के जैविक उत्पाद, छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के उत्पाद ने लोगों का ध्यान खीचा और इसके बारे में जानने के लिए वनप्रेमियों में उत्सुकता दिखी।

इसके साथ ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व के गिद्ध संरक्षण प्रोग्राम व 'बेल मेटल आर्ट की प्रदर्शनी और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित इको टूरिज्म के जरिए आजीविका आधारित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के टाईगर रिजर्वों में वन्यप्राणियों तथा मानव के सहअस्तित्व को बनाए रखने के लिए की जा रहे प्रयासों की झलक दिखी। ग्लोबल टाईगर-डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) व चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल, अचानकमार टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एस. जगदीशन, इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर आर.के. पाण्डेय, तीनों टाईगर रिजर्व से स्व-सहायता समूह/इको डेवलपमेंट कमिटी के सदस्य सहित अन्य वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### बस्तर के गुजराल सिंह को ट्रायबल आर्ट कैटेगरी में मिला प्रथम पुरस्कार

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर जुलाई में देश भर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उम्र का कोई बंधन नहीं रखा गया था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बस्तर के गुजराल सिंह बघेल को ट्रायबल आर्ट कैटगरी ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य मंत्री पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अश्विनी कुमार चौबे के हाथों सुधीर अग्रवाल, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने पुरस्कार ग्रहण किया।

### नए आइजी डांगी ने ग्रहण किया पदभार, कहा-शांतिपूर्ण चुनाव करवाना प्राथमिकता

**रायपुर (ए)।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रतनलाल डांगी ने सी-4 बिल्डिंग में शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को शातिंपूर्ण कराना प्राथमिकता होगी।

वहीं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य करेंगे। शहर में अपराधों पर नियंत्रण को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री और डीजीपी द्वारा दिए गए निर्देश पर काम शुरू कर दिया गया है। इस दौरान एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार के दौरान एएसपी, डीएसपी भी मौजूद रहे। आइजी डांगी ने कहा कि शहर और जिले के मुद्दों को लेकर वे पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। जो भी मुद्दे आएंगे उस पर कैसे काम किया जाए उस पर फोकस रहेगा।

### साप्ताहिक बाजार में 200 रुपए किलो बिक रहा टमाटर, मूली 20 रुपए हुई

**रायपुर।** स्थानीय साप्ताहिक शनिचरी बाजार तरपोंगी में सब्जी के दामों मे काफी उतार चढ़ाव देखा गया। एक समय था जब टमाटर इसी बाजार 10 रु. में 3 किलो तक बिका था। आज उसी बाजार में टमाटर 200 रु. किलो बेचा गया। घरेलू सब्जी बाजार में आने से लाल भाजी, पालक भाजी 10 रु. में दो जुरी तो मूली 20 रु. किलो बिका। बाहर से आने वाली सब्जी कुछ महंगी है।

खरीददार घरेलू सब्जी ज्यादा खरीद कर काम चला रहे है। आलू 20 रु., प्याज 25 रु., करेला 40 रु., धनिया 150 रु., मिर्ची 150 रु., बरबट्टी 30 रु., बंधी भाजी 30 रु., काला भाटा 20 रु., सफेद भाटा 20 रु, गोभी 40 रु., अदरक 180 रु., शिमला मिर्ची 40 रु., कुंदरू 40 रु., मुनगा 50 रु., खेकशी 80 रु., कोचई 80 रु., लौकी 20 रु., ढेश 40 रु., खीरा 20 रु., परवल 50 रु., भिंडी 30 रु., ग्वार फल्ली 60 रु., डोड़का 30 रु., तोरई 30 रु. किलो तक बिकी।

# 2 अगस्त से शुरू होगा मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोगों से सहभागिता बढ़ाने की अपील की

### मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे नए मतदाताओं के नाम

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आगामी 2 अगस्त से शुरू हो रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में लोगों से सहभागिता बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने तथा 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे युवाओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करने की अपील की है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि राज्य में 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने और इसमें संशोधन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान मतदाता के पते में संशोधन व परिवर्धन तथा नया ईपिक कार्ड बनाने की भी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में अपनी सहभागिता निभाएं।

# मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर ने विभिन्न संस्थाओं का अवलोकन किया

**रायपुर (ए)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर बालकृष्ण गोयल रायपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहें। उन्होंने जिला अस्पताल ऑबजर्वेशन होम, प्लेस ऑफ सेफ्टी शासकीय बालगृह (बालक) और ओल्ड एज होम इत्यादि संस्थाओं का अवलोकन किया। बालकृष्ण ने जिला अस्पताल के ओपीडी, पीडियाट्रिक वार्ड, जीडियाट्रिक वार्ड और हमर लैब सहित सभी वार्डों का निरीक्षण किया और अस्पताल में आए और भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने ओपीडी पंजीयन में बुजुर्गों और महिलाओं के लिए पृथक व्यवस्था और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण और साफ-सफाई तथा भोजन में गुणवत्ता बनाए रखने कहा। उन्होंने अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों-सुरक्षागार्ड को सम्मानित करने का सुझाव दिया। साथ ही विभिन्न प्रकार की आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण देने को भी कहा। बालकृष्ण ने शासकीय बाल संपेक्षण गृह में अपचारी बालकों के रखने की व्यवस्था तथा कार्यालय में अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अपचारी बालकों की निरंतर काउंसलिंग करने साफ-सफाई रखने चिकित्सकों की व्यवस्था और उनके स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण देने को कहा। साथ ही वृद्धा आश्रम में भी वृद्धों की देख-रेख करने और आश्रम में साफ-सफाई रखने चिकित्सकीय और दवाईओं का उचित इंतेजाम करने कहा। साथ ही शासकीय बालगृह (बालक) का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# त्योहारी सीजन में मिलेगी नए उड़ानों की सौगात विमानन कंपनी के प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

**रायपुर (ए)।** आने वाले तीन महीनों के भीतर ही छत्तीसगढ़ के हवाई यात्रियों को नई उड़ानों की सौगात मिलने वाली है। बताया जा रहा है कि अक्टूबर आखिर तक रायपुर से राजकोट, पटना व रांची के लिए सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। इसके लिए विमानन कंपनी के प्रतिनिधि पिछले दिनों स्वामी विमानतल भी पहुंचे थे। इसके साथ ही रायपुर के ट्रैवल्स संचालकों से लगातार नई उड़ानों के संबंध में चर्चा की जा रही है कि इन क्षेत्रों के लिए उड़ान शुरू करने से ट्रैफिक कितना मिल सकता है। इन क्षेत्रों के लिए रायपुर से मांग कितनी है।

ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टाइ) के एमपी सीजी के पूर्व अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने बताया कि पिछले दिनों इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों के साथ उनकी भी मुलाकात हुई। उन्होंने इस मुलाकात के दौरान विमानन कंपनी के अधिकारियों को इन क्षेत्रों के लिए उड़ान शुरू करने सुझाव दिए। इसके साथ ही बताया कि इन क्षेत्रों के लिए रायपुर से काफी मांग है और काफी ट्रैफिक मिलेगा। व्यास का कहना है कि काफी दिनों से रायपुर से इन क्षेत्रों के लिए सीधी उड़ान शुरू की जाने की मांग की जा रही है।




बताया जा रहा है कि इंडिगो एयरलाइंस की 25 से 30 उड़ानें मेंटनेंस की जा रही है और जल्द ही इनका संचालन भी शुरू किया जाना है। इन उड़ानों का संचालन शुरू होगा तो घरेलू के साथ ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू होंगी। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा घरेलू उड़ानों के साथ ही अंतराष्ट्रीय उड़ान भी शुरू करने की तैयारी है।

### दिसंबर तक रायपुर विमानतल में खड़े हो सकेंगे एक साथ 13 विमान

इस वर्ष दिसंबर आखिर तक रायपुर विमानतल में एक साथ 13 विमान खड़े हो सकेंगे। बतायाजा रहा है कि इसके लिए चार नए पार्किंग वे बनाए जा रहे है, वर्तमान में स्वामी विवेकानंद विमानतल में नौ पार्किंग वे है और एक साथ केवल नौ विमान खड़े हो सकते हैं। चार नए पार्किंग वे बनने के बाद काफी फायदा होगा। इसके साथ ही नया एयरोब्रिज भी शुरू होने वाला है।

### जल्द होगी बैठक

विमानन सूत्रों के अनुसार रायपुर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा के रूप में कस्टम ऑफिस व इमीटेशन का न होना है। बतायाजा रहा है कि जल्द ही कस्टम ऑफिस व इमीटेशन खोले जाने को लेकर विमानतल में एक बैठक भी होने को है। मई में हुए विमानतल सलाहकार समिति की बैठक में अंतराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने को लेकर मुद्दा भी उठाया गया था।

पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज ने बिखेरा अपनी आवाज का जादू

# लावां इश्के दे अंबरी उडारियां पर जमकर झूमे लोग, रायपुरियंस ने कहा-वी लव यू पाजी

**रायपुर (ए)।** अपने हिट गीत साईं से दुनियाभर में लोकप्रिय होने वाले मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज का लाइव कॉन्सर्ट शनिवार को राजधानी रायपुर में हुआ। पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कॉन्सर्ट में सतिंदर सरताज ने अपनी आवाज का खूब जादू बिखेरा और एक से बढ़कर एक गाने गाए। उन्होंने अपने हिट सॉन्ग हो लावां इश्के दे अंबरी उडारियां, सानू प्यार दियां चढ़ियां खुमारियां गाकर समां बांध दिया।

सतिंदर के लाइव परफॉर्मेंस पर यहां मौजूद लोग जमकर झूमे। सिंगर ने प्रोग्राम की शुरुआत स्लो बीट्स में मैसेज देने वाले सॉन्ग से की। इस गाने के बोल 'बेहतर बातें करने और बेहतर होने में फर्क' था। इसके अलावा उन्होंने एक से बढ़कर एक पंजाबी गाने गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सिंगर के शो को देखने बड़ी संख्या में पंजाबी फैमिली पहुंची थीं, जिन्होंने पंजाबी रॉक बीट्स बेस म्यूजिक पर अपनी सीट छोड़कर खूब भांगड़ा किया। लाइव कॉन्सर्ट में आए हुए फैन्स ने वी लव यू पाजी कहकर अपना प्यार सिंगर के प्रति जताया। जिसके बाद सिंगर सतिंदर ने भी उसे धन्यवाद दिया।



### सूफी और शायराना अंदाज लोगों को पंसद

सिंगर का साईं सॉन्ग आज भी लोगों की जुबां पर चढ़ा हुआ है। सतिंदर सरताज ने कई हिट सॉन्ग दिए हैं। इनमें से एक लावां इश्के दे अंबरी उडारियां सॉन्ग को करोड़ों लोंगो ने पसंद किया है। डॉ. सतिंदर सरताज अपने सूफी और शायराना अंदाज में गाए हुए गानों के लिए फेमस हैं। उन्होंने सूफी संगीत में पीएचडी की डिग्री ली हुई है। इसके अलावा शास्त्रीय संगीत में 5 वर्षीय डिप्लोमा, सूफी संगीत में एम.फिल, सूफी मंत्र, फारसी भाषा में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी किया है।

डॉ. सतिंदर सरताज पंजाबी सिंगर के अलावा गीतकार, कवि और अभिनेता भी हैं। दुनियाभर के कई देशों में इनके लाइव कॉन्सर्ट भी आयोजित होते रहते हैं। इनका पूरा नाम सतिंदर पाल सिंह है। सतिंदर सरताज ने 2023 में कई एल्बम बनाए हैं, जिनमें काली जोटा, रुतबा फेमस है। इसके साथ ही इक्को मिक्की, मासूमियत, प्लेनेट पंजाब जैसे कई हिट सांग्स दे चुके हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# रोजाना एक गिलास व्हीटग्रास जूस का करें सेवन, मिलेगें ये 5 मुख्य स्वास्थ्य लाभ



व्हीटग्रास यानी गेंहू की पत्तियों के जूस का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साबित हो सकता है। इसका कारण है कि इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम, सोडियम, कई प्रकार के अमीनो एसिड जैसे खनिजों के साथ जरूरी मिनरल्स और विटामिन्स भी होते हैं। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करना अच्छा है।आइए जानते हैं कि रोजाना एक गिलास व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

## वजन कम करने में मिलेगी मदद

अगर आप रोजाना आधा या एक गिलास व्हीटग्रास के जूस पीते हैं तो यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ वजन घटाने में भी मदद कर सकता है। इस जूस में मौजूद सोडियम की कम मात्रा और उच्च फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करके वजन कम करने की प्रक्रिया को बढ़ावा दे सकता है। इसमें मौजूद कम कैलोरी भी इसे वजन नियंत्रित करने के सक्षम बनाती है। ऐसे में इसका सेवन काफी फायदेमंद हो सकता है।

## हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा होगा कम

कोलेस्ट्रॉल का अनियंत्रित स्तर हृदय रोगों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इसे नियंत्रित रखना जरूरी है।

एक शोध के अनुसार, व्हीटग्रास के जूस में मौजूद हाइपोलिपिडेमिक प्रभाव रक्त लिपिड का स्तर संतुलित करके खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर सकता है। यह फाइबर से भी भरपूर होता है, जो शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

## लीवर को सुरक्षा प्रदान करने में है सक्षम

अगर आप या आपके परिवार में कोई लीवर की समस्या से परेशान हैं तो व्हीटग्रास के जूस का सेवन फायदेमंद हो सकता है। व्हीटग्रास जूस में हेपेटोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो लीवर को नुकसान पहुंचाने वाले कारको से लीवर को सुरक्षा प्रदान करते हैं। यह जूस तीव्र कार्बन टेट्राक्लोराइड टॉक्सिन के खिलाफ भी लीवर की रक्षा में भी लाभकारी हो सकता है। कार्बन टेट्राक्लोराइड लीवर के लिए एक टॉक्सिन का कार्य करता है।

## पाचन क्रिया के लिए है फायदेमंद

व्हीटग्रास जूस का सेवन पेट संबंधित समस्याओं से राहत पाने और पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी किया जा सकता है। इसमें प्रीबायोटिक गुण होते हैं, जो शरीर में लैक्टिक एसिड का उत्पादन बढ़ाकर पाचन शक्ति को बेहतर करने का काम करते हैं और आंत को संक्रमण से बचाते हैं। अगर आप पेट संबंधित समस्याओं से बचे रहना है तो अपनी डाइट में व्हीटग्रास जूस को जरूर शामिल करें।

## कैंसर का जोखिम कम करने में है सहायक

शोध के अनुसार, व्हीटग्रास जूस में एंटी-कैंसर प्रभाव मौजूद होता है, जो कैंसर सेल्स को पनपने से रोकने में सहायक है। इसके अलावा कई पोषक तत्वों से भरपूर व्हीटग्रास जूस का सेवन धूम्रपान से होने वाले कैंसर के खतरे को भी दूर कर सकता है। इसलिए जिन लोगों को धुम्रपान करने की आदत या कैंसर है वे अपने डॉक्टर की सलाह लेकर इस जूस का सेवन शुरू करें।

# डेजी शाह हो सकती हैं 'नागिन 7' में अगली शिव नागिन

एकता कपूर का सुपरनैचुरल टीवी शो 'नागिन' का हर सीजन काफी हिट रहा है। हाल ही में तेजस्वी प्रकाश स्टारर 'नागिन 6' खत्म हुआ था। वहीं अब 'नागिन 7' की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। हाल ही में मेकर्स ने 'नागिन 7' का प्रोमो भी जारी किया था जिसमें अगली शिव नागिन की झलक मिली थी। इसके बाद से चर्चा है कि 'नागिन 7' में गुम है शो की आयशा सिंह या बिग बॉस 16 फेम प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल प्ले कर सकती हैं। हालांकि दोनों ही एक्ट्रेस ने हाल ही में बयान जारी कर 'नागिन 7' करने की खबरों को खारिज कर दिया है। वहीं अब रुमर्स हैं कि सलमान खान की एक एक्ट्रेस 'नागिन 7' में लीड रोल में नजर आएंगी।

'नागिन 7' को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। वहीं फैंस ये भी जानने के लिए बेकरार हैं कि इस बार 'नागिन 7' की लीड एक्ट्रेस कौन होगी। ऐसे में कई नामों को लेकर चर्चा हो रही है। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'नागिन 7' के लिए मेकर्स ने सलमान खान की एक एक्ट्रेस को अप्रोच किया है। रिपोर्ट के मुताबिक शो से जुड़े एक सूत्र से जानकारी मिली है कि 'नागिन 7' के लिए सलमान खान के साथ जय हो में नजर आई एक्ट्रेस डेजी शाह से कॉन्टेक्ट किया गया है। जल्द ही मेकर्स और डेजी शाह के बीच डील फाइनल होने की उम्मीद है। फिलहाल शो के लिए कास्टिंग चल रही है। हालांकि इस खबर पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं आई है।

बता दें कि डेजी शाह बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं। अपने करियर की शुरुआत में डेजी शाह गणेश आचार्य की असिस्टेंट कोरिग्राफर थीं। उन्होंने कई तमिल फिल्मों में भी काम किया है। डेजी शाह ने साल 2013 में आई फिल्म ब्लडी इश्क से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई। इसके बाद डेजी शाह को सलमान खान के साथ जय हो फिल्म में काम करने का मौका मिला और इसी के साथ उन्हें बी टाउन में पहचान भी मिल गई। डेजी शाह ने हाल ही में खतरों के खिलाड़ी 13 की शूटिंग भी पूरी की है। जल्द ही ये शो ऑनएयर होने वाला है।



# बैकलेस गाउन में साक्षी मलिक ने कराया हुस्न का दीदार

## बोल्ड अवतार देख फैंस हुए बेकाबू



बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस भरे अंदाज में तस्वीरें शेयर कर फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस का दिलों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। हाल ही में साक्षी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी स्टाइलिश अदाएं देखकर फैंस हैरान हो गए हैं। एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही सिजलिंग और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका सुपरबोल्ड लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। साक्षी मलिक ने अपने फोटोशूट के दौरान रेड कलर का स्टाइलिश बैकलेस गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। साक्षी मलिक ने अपने इस कातिलाना और सेक्सी अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। बताते चलें कि साक्षी मलिक आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज फैंस के बीच पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर कहर ढा देता है।

# रोजाना टोफू का सेवन स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद यह है इससे मिलने वाले 5 स्वास्थ्य लाभ



टोफू को सोया पनीर भी कहा जाता है और इसे बनाने के लिए सोयाबीन दूध का इस्तेमाल किया जाता है। यह पनीर की तरह दिखता है, लेकिन इसका स्वाद अलग होता है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर वीगन डाइट को फॉलो करने वाले लोग करते हैं। यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आइये आज हेल्थ टिप्स में टोफू के सेवन से होने वाले 5 लाभ जानते हैं।

## मधुमेह से बचाव के लिए है सहायक

मधुमेह की समस्या से बचने के लिए टोफू लाभकारी हो सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक, मधुमेह से पीड़ित जिन रोगियों ने 6 हफ्ते तक टोफू खाया है, उनमें ब्लड शुगर और इंसुलिन का स्तर उन लोगों की तुलना में काफी कम हुआ है, जो इसका सेवन नहीं करते हैं। इसके अलावा एक अन्य अध्ययन में बताया गया है कि जो लोग नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, उन्हें टाइप-2 मधुमेह होने की आशंका कम होती है।

## हृदय रोगों के खतरे को कम करने में है मददगार

टोफू का सेवन हृदय रोग के खतरे को भी कम कर सकता है। एक अध्ययन के मुताबिक, जिन पुरुष और महिलाओं ने हफ्ते में एक बार टोफू का सेवन किया है, उनमें हृदय रोग का खतरा उन लोगों से कम पाया गया है, जिन्होंने सिर्फ महीने में एक बार इसका सेवन किया है। इसमें मौजूद आइसोफ्लेवोंस हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है, इसलिए इसका सेवन रोजाना करें।

## कैंसर के जोखिम से बचाए

टोफू का नियमित सेवन कैंसर से बचाव करने में भी सहायक हो सकता है। इसमें आइसोफ्लेवोंस और सोया प्रोटीन मौजूद होते हैं, जो ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर, पेट के कैंसर आदि के जोखिम को कम कर सकते हैं। हालांकि, यह सिर्फ कैंसर के जोखिम से बचा सकता है, लेकिन अगर किसी को कैंसर है तो उसे डॉक्टर से इलाज करवाना जरूरी है। कैंसर रोगियों को अपनी डाइट में ये फल भी शामिल करना चाहिए।

## वजन घटाने के लिए है कारगर

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो टोफू आपके लिए पोषण और वजन कम करने का एक बढ़िया स्रोत हो सकता है। दरअसल, इसमें फाइबर होता है, जो लंबे समय तक आपका पेट भरा रखता है और अनहेल्दी स्नैकिंग या अधिक खाने से रोकता है। इसके अलावा यह कम कैलोरी, उच्च प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल मुक्त होता है, जो आपको सही आकार में रहने में मदद करता है। बिना एक्सरसाइज के वजन घटाने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

## हड्डियों के लिए है फायदेमंद

मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम एक जरूरी पोषक तत्व है। हमारा शरीर करीब 99 प्रतिशत तक कैल्शियम को स्टोर करके रखता है ताकि हड्डियों और दांतों को मजबूती मिल सके। इसके लिए आप अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर टोफू को शामिल कर सकते हैं। जो लोग दूध या मांसाहारी आहार का सेवन नहीं करते हैं, उन्हें इस पोषक तत्व की आपूर्ति के लिए टोफू को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

# धनुष की कैप्टन मिलर का टीजर 24 घंटे में 23.1 मिलियन व्यूज तक पहुंचा



धनुष, एक प्रतिभाशाली तमिल अभिनेता, जिन्होंने एक समय अपने अभिनय कौशल के लिए प्रशंसा अर्जित की थी, लेकिन फिल्म की सफलता के साथ चुनौतियों का सामना किया, अब उन्होंने अपार लोकप्रियता हासिल की है और यहां तक कि हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। उनकी नवीनतम फिल्म, कैप्टन मिलर ने हाल ही में अपने टीज़र का अनावरण किया है, जो अपने एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन दृश्यों और धनुष के वीर चरित्र के मनोरम चित्रण के साथ प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। फिल्म की सम्मोहक सामग्री भाषा की बाधाओं को पार करती हुई दिखाई देती है, जो विभिन्न क्षेत्रों के प्रशंसकों से प्रत्याशा और समर्थन पैदा करती है, जो पूरे भारत में एक बड़ी सफलता की उत्सुकता से उम्मीद कर रहे हैं। कैप्टन मिलर के साथ, धनुष का लक्ष्य सिनेमा की दुनिया में एक वैश्विक स्टार के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित ब्लॉकबस्टर का दर्जा हासिल करना है। जैसे-जैसे उत्साह बढ़ रहा है, प्रशंसक और फिल्म प्रेमी उत्सुकता से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वे धनुष की स्टारडम की नई ऊंचाइयों तक की विजयी यात्रा को देखने के लिए उत्सुक हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की नवीन जिला ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

**भिलाई।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. उदित राज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के पश्चात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय एवं जिला भिलाई कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर के सहमति से बजरंगी लाल सिंह भिलाई जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की नवीन जिला ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित किया जाता है,जिला अध्यक्ष बजरंगी लाल सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यों एवं विचारधारा को जन जन पहुँचा कर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे लगन एवं ईमानदारी से करते हुए अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। नवीन कार्यकारणी: जिला महासचिव एवं सोशल मीडिया प्रभारीनंदकिशोर कौशिक। जिला महासचिव एवं प्रवक्ता सुधांशु शेखर, जिला महासचिव देव कुमार शर्मा जिला सचिव अर्जुन यादव, मयंक सुमन , ब्लॉक अध्यक्ष रिसाली आरती जैन, ब्लॉक अध्यक्ष सुपेला संजू सेठिया , ब्लॉक अध्यक्ष कैंप1 प्रवीण कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुर्सीपार क्र.2 प्रदीप कौशल, ब्लॉक अध्यक्ष. 3 राजीव मुद्दासनी ,ब्लॉक अध्यक्ष 4 अनुराग तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष 5 अकबर भाई।, को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया जाता है।

### एक से 13 अगस्त तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगा वजन त्यौहार का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिले में 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2023 में 1 अगस्त से 13 अगस्त 2023 की अवधि तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर डोमन सिंह ने जिलेवासियों को वजन त्यौहार पर अपने बच्चों का वजन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुपोषण के लिए जागरूकता जरूरी है। इस अभियान में शामिल होकर सामुदायिक सहभागिता के साथ सभी वजन त्यौहार को सफल बनाएं। बच्चों के सुपोषण के लिए उनके पौष्टिक आहार के प्रति अभिभावक जागरूक रहें। वजन त्यौहार के दौरान 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन निर्धारित तिथि तक कलस्टरवार तिथि का निर्धारण करते हुए कलस्टर के चिन्हांकित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का वजन लिया जाएगा ताकि प्रत्येक क्लस्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपरवाईजरों की उपस्थिति में बच्चों का शत-प्रतिशत एवं सही वजन लिया जाना सुनिश्चित हो सके। आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई की जानकारी संकलित की जायेगी।

### डोर टू डोर बन रहा आयुष्मान कार्ड

**सूरजपुर।** जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर नंदजी पांडेय के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के विश्वकर्मा जोन प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज एवं डॉ. एस. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में होम टू होम जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। विकासखंड रामानुजनगर के ग्राम पतरापाली में प्रति व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य डोर टू डोर किया जा रहा है। इसमें शिक्षक, सीएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन घरों में जाकर हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। जिनका राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बना हुआ है।

### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषयक त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का समापन

# योजनाओं के बारे में लाभार्थी की जागरूकता से संभव है सुशासन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा आर के सिंह स्कूल के सांस्कृतिक भवन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर केंद्रित त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन लोगों को केंद्र सरकार की विविध योजनाओं व उससे जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। समापन समारोह में स्थानीय विधायक सौरभ सिंह की उपस्थिति रही।**



उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने सभी से शासन की योजनाओं के बारे में जागरूक होने की अपील की। विधायक ने कहा लोगों की जागरूकता से शासन का कार्य आसान हो जाता है। वर्तमान समय में केंद्र सरकार द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विविध पहल से लाभार्थियों का कार्य सुगम हुआ है। लोग आसानी से शासकीय योजनाओ का लाभ ले पा रहे हैं। इससे पहले तीसरे दिन 'सेवा भाव से संभव है सुशासन' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत-गायन व नृत्य प्रतियोगिता में सहभागिता की। सीबीसी रायपुर के प्रादेशिक कार्यालय प्रमुख शैलेष फये ने प्रदर्शनी के तहत तीन दिनों में आयोजित विविध क्रियाकलाप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में अभूतपूर्व सहभागिता के लिए अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अधिकारियों व आरके सिंह स्कूल के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव, शहर के अलग-अलग शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समन्वय सीबीसी बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सीबीसी के कार्मिक खेलन दीवान, केवी गिरी, शशांक सचान, अंबिकालाल, दिलीप साहू व रंजीत मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### इन्हें मिला पुरस्कार निबंध प्रतियोगिता

प्रथम-संध्या पटेल, द्वितीय-सिमरन भार्गव, तृतीय-वंदना कौशिक, सांत्वना-पलक नागदेव, रोशनी अनंत, लता पनिका, पायल दास, अनिकेत राज रंगोली प्रतियोगिता: प्रथम-उमा यादव, द्वितीय-रिद्धी जैन, तृतीय-सिमरन भार्गव, सांत्वना- कुमारी प्राप्ति, पायल वर्मा, वसुंधरा, जयंती, मधु कुमारी चित्रकला प्रतियोगिता: प्रथम-गौरी माणिकपुरी, द्वितीय-रौनक चांदवानी, तृतीय-अभिनव सिंह पवार, सांत्वना-आशुतोष देंवागन, नंदनी बघेल, दीपाली साहू, आशी जैन, आराध्या चौबे भाषण प्रतियोगिता: प्रथम-गोविंद माधव मिश्रा, द्वितीय-गुंजन बंजारे, तृतीय-दीपाली साहू, सांत्वना-आयुष कश्यप, आशी जैन।

#### देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने मन मोहा

इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'ओ देश मेरे....ये मेरे वतन के लोगों..., समेत विविध देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति पर लोग वाहवाह कर उठे। महावीन संस्कार स्कूल के प्रतिभागियों ने कारगिल युद्ध के दृश्य की जीवंत प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के लिए सीबीसी द्वारा एक हजार रुपए का नकद ईनाम दिया गया।

## राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट की वेबसाइट का शुभारंभ



श्रीकंचपनथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष डॉ. दीपक मोहंती ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट की संशोधित वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य प्रोफेसर मनोज आनंद और सुश्री ममता शंकर, एनपीएस ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सूरज भान भी उपस्थित थे। https//npstrust.org.in पर उपलब्ध यह नई वेबसाइट उपयोगकर्ताओं के अनुभव को समृद्ध बनाने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) एवं अटल पेंशन योजना (एपीवाई) से संबंधित जानकारी तक बिना किसी बाधा के पहुंच प्रदान करने की एनपीएस ट्रस्ट की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नई वेबसाइट को आकर्षक और सहज बनाया गया है जो डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों के लिए सुविधानजक है। इसमें लोगों की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए कई नई सुविधाएँ और सुधार शामिल किए गए हैं। वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: इसके मुख्य पृष्ठ पर ही, 3 महत्वपूर्ण टैब यानि एनपीएस खाता खोलें, सेवानिवृत्ति की योजना बनाएं (पेंशन कैलकुलेटर) और अपनी एनपीएस होल्डिंग्स देखें सब्सक्राइबर्स की सुविधा के लिए रखे गए हैं। होम पेज पर ही, सब्सक्राइबर्स इसमें प्रदान की गई सरल, ग्राफिक्स के माध्यम से समझने योग्य जानकारी में योजना के रिटर्न को देख सकते हैं। एनपीएस और एपीवाई दोनों के लिए विकल्प सूची के प्रारूप को 6 सरल श्रेणियों जैसे सुविधाएँ और लाभ, ऑनलाइन सेवाएँ, रिटर्न और चार्ट, एनपीएस कैलकुलेटर, शिकायतें और निकास में व्यवस्थित और मानकीकृत किया गया है। ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत अपने पीआरएएन, जन्मतिथि और ओटीपी को प्रमाणित करके सब्सक्राइबर्स अपने संबंधित सीआरए के साथ अपनी एनपीएस होल्डिंग्स भी देख सकते हैं।

## यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रुपाला ने मत्स्य पालन क्षेत्र पर विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** पर्यावरण, महासागर और मत्स्य पालन के लिए यूरोपीय कमिशनर वर्जिनिजस सिंकेविसियस के नेतृत्व में यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल नई दिल्ली में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रुपाला से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। यूरोपीय संघ के अनुरोध पर, दोनों पक्ष पोर्ट स्टेट मेजर एग्रीमेंट, विश्व व्यापार संगठन में मत्स्य पालन सब्सिडी से जुड़े मुद्दों, इंडियन ओशन ट्यूना कमिशन (आईओटीसी), 'महासागर और मत्स्य पालन संवाद', आईयूयू फिशिंग और मत्स्य पालन मुद्दे पर गठित होने वाले प्रस्तावित संयुक्त कार्य समूह के ढांचे के भीतर बाजार पहुंच से संबंधितमहत्वपूर्ण मामलों पर द्विपक्षीय रूप से जुड़ने पर सहमत हुए।



भारतीय पक्ष ने यूरोपीय संघ के सीमा निरीक्षण चौकी पर भारतीय खेती वाले झींगा के निरीक्षण के लिए नमूना आवृत्ति को 50 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से घटाकर 10 प्रतिशत के पिछले स्तर तक कम करने, डी-लिस्टिंग को फिर से सूचीबद्ध करने, मत्स्य पालन प्रतिष्ठानों, और भारत से यूरोपीय संघ को जलीय कृषि झींगा के निर्यात के लिए नए सूचीबद्ध मत्स्य प्रतिष्ठानों को अनुमति दिए जाने से संबंधित मामलों पर यूरोपीय संघ का ध्यान आकर्षित किया।

यूरोपीय संघ पक्ष से इंडो-पैसिफिक महासागर पहल के किसी भी स्तंभ में शामिल होने का भी अनुरोध किया गया था। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी, और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य पालन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, विदेश मंत्रालय और भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## खेती को लाभकारी बनाने का हुनर सिखाती हैं वेदेश्वरी शर्मा

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। जब मन में कुछ अच्छा करने की ललक और इरादे नेक हों, तो रास्ते खुद-ब-खुद बनते जाते हैं और कामयाबी कदम चूमती है। जीवों के प्रति दया का भाव और पर्यावरण के प्रति प्रेम ने वेदेश्वरी शर्मा को जैविक खेती और गौसेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान दी है। कोण्डागांव की रहने वाली वेदेश्वरी शर्मा आज पूरे क्षेत्र में बिन्दु दीदी के नाम जानी जाती है।**




गोधन की सेवा और जैविक खेती को अपने जीवन का लक्ष्य मानने वाली वेदेश्वरी शर्मा ने इस काम से हजारों महिलाओं को न सिर्फ जोड़ा है, बल्कि उनके स्वावलंबन की भी सूत्रधार बनी है। गौसेवा और जैविक खेती के प्रोत्साहन के उनके प्रयासों को गौसेवा आयोग से लेकर कई संस्थाओं ने न सिर्फसराहा है बल्कि उन्हें सम्मानित भी किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में संचालित छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान निर्माण और गोधन न्याय योजना की तारीफ करते हुए वह कहती है कि इसके माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण को बेहतर बनाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ सरकार गोधन न्याय योजना ने गौ-सेवा और जैविक खेती को लेकर उनके उत्साह को दोगुना कर दिया है। लावारिश, अशक्त और बीमार गोधन की सेवा-जतन का 13 वर्ष पूर्व बीड़ा उठाने वाली वेदेश्वरी शर्मा कोण्डागांव से 20 किलोमीटर दूर बड़ेकनेरा गांव में कामधेनु गौसेवा संस्था का संचालन कर रही हैं, जहां सैकड़ों की संख्या में लावारिश एवं अशक्त गौवंशीय पशुओं की देख-भाल, उपचार एवं चारे-पानी का बेहतर प्रबंध है। इस गौशाला में पलने वाले गाय और बछड़ों को जरूरतमंद ग्रामीणों और किसानों को दान में दिए जाने का भी चलन है, ताकि इससे उन्हें आय के साथ-साथ जैविक खेती में मदद मिल सके। गौशाला में गोबर और गौमूत्र से जैविक खाद, जैविक कीटनाशक, फसल वृद्धिवर्धक जीवामृत तैयार करने के साथ-साथ कंडा, दीया, गमला भी बनाएं जाते हैं, ताकि वहां गोधन की देख-रेख में लगे गौसेवकों एवं त्रिवेणी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आय हो सके। कामधेनु गौसेवा संस्था बड़ेकनेरा वर्ष 2010 से गौसेवा आयोग में पंजीकृत है। यह गौशाला ढाई एकड़ रकबे में बनी है। यहां पशुओं के चारे के प्रबंध के लिए एक एकड़ में हरे चारे की खेती भी होती है। कोण्डागांव अंचल में जैविक खेती को जी-जान से प्रोत्साहित करने में जुटी वेदेश्वरी शर्मा दण्डकारण्य एग्रो प्रोड्यूस कंपनी भी संचालित कर रही हैं। इस कंपनी से हजारों ऐसे कृषक जुड़े हुए हैं, जो जैविक खेती करते हैं। कंपनी का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें इसके लिए आवश्यक मदद एवं उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है। कोण्डागांव ब्लॉक के करगी, कोकोड़ी, फरसगांव बेड़ा सहित दर्जनों गांवों के किसान आज सुगन्धित धान की जैविक खेती कर रहे हैं। किसानों को जैविक पद्धति से उपजाए गए धान की अच्छी कीमत मिल रही है। किसानों से सुगन्धित धान खरीदने बाहर की ऑर्गेनिक फर्मे भी आती हैं। दण्डकारण्य एग्रो प्रोड्यूस कंपनी की संचालक वेदेश्वरी शर्मा बताती है कि शुरूआती दौर में उन्होंने अपने परिचित की पड़त भूमि रेगहा पर लेकर खेती की शुरूआत की और खूब मेहनत से इसमें अच्छा मुनाफा हासिल किया।

# मोदी राज में सब्जियों और रोजमर्रा सामानों के दाम दुगुने हो गये : कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 100 दिनों में महंगाई कम कर जनता को राहत देने की गारंटी देकर सत्ता में आने वाले मोदी सरकार की मुनाफाखोरी के नीति के चलते जनता आज महंगाई से परेशान हैं मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियां संगठित होकर जनता से पेट्रोल डीजल में मुनाफा कमा रही है। जनता महंगाई से बेहाल है।**



मोदी सरकार खुद के मुनाफा और पेट्रोलियम कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए क्रूड ऑयल की कीमत में 35 प्रतिशत की कमी का फायदा जनता को नहीं दे रही है।बीते 9 साल में मोदी सरकार ने पेट्रोल डीजल में भारी भरकम एक्साइज ड्यूटी लगाकर 30 लाख करोड़ रुपए गरीब जनता की जेब से निकाल लिया है और अब पेट्रोलियम कंपनियों को संरक्षण देकर उनके फायदा के लिए काम कर रही है। गरीब जनता महंगाई से कहरा रही है उनकी पीड़ा को केंद्र की सरकार अनसुना कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने मोदी सरकार से पूछा जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड आयल के दाम में 35 प्रतिशत तक की गिरावट आई है फिर देश के भीतर पेट्रोल डीजल की दरों में 35 प्रतिशत की कमी क्यों नहीं की गई? पेट्रोल डीजल के दामों में 35 प्रतिशत की कमी की जाती और एक्साइज ड्यूटी मनमोहन सरकार के दौरान की ली जाती तो देश की जनता को महंगाई से बड़ी राहत मिलता। आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी 30 से 35 प्रतिशत की कमी आती।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते सब्जी की कीमत में शत प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है दवाइयों के कीमत में 30 प्रतिशत किताब, कापी, स्टेशनरी, जूता, चप्पल के दाम में 20 प्रतिशत खाद्य तेल, दाल, शक्कर, कपड़ा, टोल टैक्स, ऑटो पार्ट्स, टायर, ट्यूब, आयल, ग्रीस, सौंदर्य प्रसाधन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम में 2014 के मुकाबले 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पिछले एक महीने में टमाटर 160 पर है, धनिया 200 की है, अदरक 400 की है, मिर्ची 400 की है, लहसुन 130 का है, परवल 80 का है, अरबी 80 की है, भिंडी 70 की है और जो मोदी जी महंगाई की मार से बचाने का वादा कर के सत्ता में आये थे, उन्होंने आंख पर ऐसी पट्टी बांधी कि पिछले 9 साल से खुली नहीं है। उनके राज में 2013 से 2023 के बीच में आटे के दाम में 46 प्रतिशत, आटा... कॉमन फ्लोर के दाम में 46 प्रतिशत वृद्धि हुई है। चावल 25 रुपए किलो बिकता था, अब 36 के ऊपर पहुंच गया है; दाल जो 72 की थी वो 160-170 के बीच की मिल रही है; सरसों का तेल 90 से दोगुना हो कर 185 पार कर चुका है और नमक। हमारे बस्तर की तरफ़ कहा जाता है कि भाजी-दाल न हो तो नून से खा लीजिए रोटी। तो वाकई में जो लोग मोदी को लाए थे और ये वादा किया था कि नमक-रोटी खाएंगे, उनको नमक के लिए भी मजबूर कर दिया है। नमक का दाम जो कभी 13 रुपए होता था, वो 20 के ऊपर है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि समानो के दामों में आग लगी हुई है, आसमान छू रही है। एक और चीज़ की जा रही है आपकी आंखों में धूल झोंककर, आपकी जेबों पर डाका पड़ रहा है। वजन् घटाया जा रहा है पैकेटों का और या तो दाम वही रखा जा रहा है या दाम बढ़ाया जा रहा है। पारले-जी का पैकेट है गांव, शहर, देहात कहीं भी जाइए ये छोटा पैकेट खूब बिकता है।

ये छोटे पैकेट का दाम 5 रुपए लेकिन अब ये 50 ग्राम का हो गया है, पहले ये 80 ग्राम का था, 30 ग्राम कम कर दिया गया, दाम वही रखा गया है। तो ये बिस्कुट बढ़ा महंगा हो गया है। ये चाय की पत्ती है पहले 50 रुपए में 250 ग्राम मिलती थी, अब 70 रुपए में 200 ग्राम मिल रही है। जब हम लोग गांव जाते हैं तो लोग बिस्कुट का पैकेट ज़रूर खिलाते हैं, चाय पिलाएंगे, बिस्कुट खिलाएंगे। ये 30 ग्राम कम कर दिया, दाम वही रखे ये 50 रुपए का मिलता था 250 ग्राम, अब 70 रुपए का और वजन् 200 ग्राम। ये नमकीन के कुछ पैकेट मैं लाई हूं 10 रुपए में पहले 65 ग्राम नमकीन बिकता था, ये पैकेट है आप लोगों के सामने. अब 10 रुपए में 32 ग्राम नमकीन बिक रहा है मतलब आधा कर दिया, 33 ग्राम इस नमकीन के पैकेट को कम कर दिया गया।

### कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों में हो रहा मतदाता शपथ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारबिला अकादमी बरमकेला में और अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने भटगांव के सारबिला अकादमी में प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मतदाता शपथ ली। इसी कड़ी में एसडीएम मोनिका वर्मा ने सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के सभी तहसीलदारों के साथ शपथ ली। रीपा केंद्र में कार्य कर रहे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कार्य स्थल में शपथ ली। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए।


















# कोरियन डांस सीखने घर से भागी नाबालिग मुरादाबाद में मिली, परिजनों के साथ पुलिस लेकर लौटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोरियन डांस सीखने के नाम पर घर से बिना बताए लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला है। पुलिस ने नाबालिग लड़की को मुरादाबाद से बरामद किया है। खुर्सीपार पुलिस परिजनों के साथ मुदाराबाद पहुंची और नाबालिग को साथ लेकर वापस लौटी। नाबालिग के पास से सोने के जेवर व नगदी कुल मशरुका 3 लाख बरामद किया गया।



बता दें खुर्सीपार क्षेत्र की 13 साल की नाबालिग लडकी स्कूल जाने घर से निकली और उसके बाद वापस नहीं लौटी। इस मामले में परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू की। इसके बाद परिजनों के साथ ही नाबालिग की सहेलियों से पूछताछ की गई। इस दौरान एक सहेली ने बताया कि नागपुर स्टेशन से उसका फोन आया था और कोरियन डांस सीखने की बात कर रही थी। नाबालिग ने दूसरे का फोन लिया था।

इसके बाद नाबालिग ने दिल्ली ने किसी दूसरे के नंबर से अपनी मां को फोन किया था। उसने कहा कि वह दिल्ली मे है और डांस सिखने जा रही है। अपहृता के द्वारा काल किये गये उक्त नम्बर को लेकर अपहृता के संबंध मे पूछताछ करने पर खाना लेकर चले जाना बताया। खुर्सीपार पुलिस लगातार ट्रेन का ऑनलाईन जीपीएस लोकेशन लिया जा रहा था साथ ही ट्रेन के लोकेशन के आधार पर मुरादाबाद स्टेशन आरपीएफ को नाबालिग के ट्रेन मे होने की सूचना दी गई।

आरपीएफ द्वारा बालिका को ट्रेन से सकुशल उतार लिया गया। बालिका को रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट मुरादाबाद मे महिला आरक्षक के निगरानी मे रखा गया था, खुर्सीपार पुलिस परिजन को साथ लेकर मुरादाबाद से बालिका को वापस लेकर लौटी। नाबालिग के पास से घर से अपनी मां के सोने के जेवरात 3 तोला कीमती 2,50,000 रुपए व नगदी रकम 20,000 रुपए साथ ले जाना बताया। बालिका से नगदी रकम 2000 रुपए व सोने के जेवरात 3 तोला कीमती 2,50,000 रुपए बरामद किया गया है।

## खास-खबर

### सुपेला के होटल में चल रहा था ऑनलाइन सट्टा, चार गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला के एक होटल में संचालित आनलाइन सट्टा के ठिकाने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चार लैपटाप, चार मोबाइल, विभिन्न बैंकों के एटीएम, चेकबुक और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जब्त बैंक खातों में लाखों रुपये के लेनदेन की भी जानकारी मिली है। इसके आधार पर पुलिस की आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुपेला के शिवप्रसाद होटल के पीछे स्थित होटल टाइम स्क्वायर के एक कमरे में आनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने छापा मारकर हर्ष सिंह (21), अमन सिंह (21), नवीन चौधरी (20) और शिवा बिसाई शामिल हैं। चारों आरोपियों में हर्ष, नवीन व शिवा पहले भी आनलाइन सट्टा खेलाते हुए अंबिकापुर से गिरफ्तार किए गए थे। उस समय चारों आरोपित फरीद नगर निवासी सटोरिये सद्दाम के साथ मिलकर सट्टे का काम कर रहे थे। इस बार पुलिस ने रेड्डी अन्ना एप के ब्रांच 109 को ध्वस्त किया है। बताया जा रहा है कि सट्टा का यह ब्रांच भी कैंप क्षेत्र के बदमाश दीपक नेपाली का है जो कि फरार है।

### कुएं में गिरा भालू का बच्चाः कड़ी मशक्कत से निकाला गया बाहर

**मरवाही।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही वन मंडल के तहत मड़वाही गांव में रविवार सुबह लोगों को गांव में स्थित एक कुएं से किसी जानवर की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद जब लोगों ने कुएं में झांककर देखे तो उसमें एक भालू का बच्चा दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी को दी। पूरा मामला मरवाही वन मंडल के मरवाही वन परिक्षेत्र का है, जहां पर स्थित मड़वाही गांव के कुछ ग्रामीण सुबह घूमने निकले थे। इसी दौरान उन्हें एक कुएं के पास से किसी जानवर की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद उन्होंने कुएं के पास जाकर देखा तो कुएं के अंदर एक भालू का बच्चा दिखाई दिया। जिसके बाद देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गई और मौके पर काफी संख्या में भीड़ जुट गई। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी वन परिक्षेत्र के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद वन विभाग के लोग ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे भालू को सुरक्षित बाहर निकाला।

# बिजली गुल होने पर पड़ोसी के घर सोना महिला को पड़ गया भारी, घर से पार हो गए लाखों के जेवर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में बिजली गुल होने पर पड़ोसी के घर सोना भारी पड़ गया। महिला दूसरे दिन सुबह जब अपने घर पहुंची तो घर का हाल देख हैरान रह गई। दरअसल महिला के घर पर रात में चोरों ने धावा बोल दिया। घर से लाखों के जेवर पार हो गए। इसके बाद महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के पदुमनगर भिलाई 3 निवासी हेमावती सावलम (45) ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 26 जुलाई की रात को वह अपने घर पर थी। रात 8 बजे आंधी तूफान आने से घर की बिजली चली गई। अंधेरा होने से वह डर गई और घर पर ताला लगाकर पड़ोस की परिचित के घर सोने के लिए चली गई।




दूसरे दिन सुबह करीबन 5.45 बजे वापस अपने घर पहुंची तो सामने मेनगेट का दरवाजे का ताला खोलकर अंदर गई।

घर के अंदर कमर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। सूटकेस व बैग के भी कपडे बिखरे हुए थे। बैग के अंदर कपडों में रखा हुआ एक नग सोने का हार 3 तोला, एक नग सोने का नेकलेस 3 तोला, एक नग सोने का चैन 3 तोला, 4 नग सोने का चूडी 5 ग्राम, एक जोडी सोने का झुमका 5 ग्राम, 2 नग सोने की अंगूठी 3 ग्राम नहीं था। चोरी गए सोने की कीमत लगभग 4 से 5 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# नाले में बहने से मां-बेटे की मौत, बारिश के कारण ऊफान पर था नाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों बारिश के कारण नदी नाले उफान पर है। इसके कारण हादसे भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जगदलपुर के नजदीक दरभा थाना के पखनार चौकी क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। यहां बहने वाले मुनगा नाला में बहने से मां और बेटे की मौत हो गई। किनारे महिला की सास खड़ी रही जिसने दोनों को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन बचा न सकी। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफकी मदद से दोनों के शव बाहर निकलवाए।

मिली जानकारी के अनुसार कटेनर गांव में रहने वाली फूलो मांडवी (38) अपने बच्चे मनेष को लेकर अपने खेत जा रही थी। उसके साथ उसकी सास भी थी।



मुनगा नाला पर करते हुए अचानक फूलो मांडवी का पैर फिसल गया और वह बच्चे के साथ गहरे पानी में चली गईं। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। सास ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बचा नहीं पाई। मौके पर पहुंची एसडीआरफकी टीम ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को शव को बाहर निकाला।

मृतका की सास ने बताया कि बहू और पोते गहरे में डूबने लगा। उन्होंने बचाव के आवाज भी लगाई। सास ने जितना हो सका उतना उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। महिला ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को भी दी, लेकिन उनके पानी तक पहुंचने से पहले ही दोनों डूब चुके थे। मां-बेटे की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लूट और चोरी के 7 आरोपी गिरफ्तार

# परिवार से लूट के 3 आरोपी और बाइक चोरी के 4 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा

**रायपुर (ए)।** रायपुर की मंदिर हसौद थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 3 लोग लूट और 4 चोरी के आरोपी हैं। आरोपियों के नाम धर्मेंद्र उर्फ लल्ला टंडन, सौरभ कुमार सारथी, कुणाल साहू, डिगेश्वर चक्रधारी, ओमकार शेंदे, टीकम दास मानिकपुरी और राजेश वर्मा हैं। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है।

पहले मामले में 3 आरोपियों ने एक फैमिली के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। 27 जुलाई को दीनानाथ सायतोड़े अपनी बहन और पिता के साथ पैदल मंदिर हसौद की तरफ जा रहा था। तभी एचपी पेट्रोल पंप के पास बाइक पर सवार होकर 3 युवक पीछे से आए और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने फैमिली के साथ मारपीट कर उनसे मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 29 जुलाई को धर्मेंद्र उर्फ लल्ला टंडन, सौरभ कुमार सारथी और कुणाल साहू को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने



अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस इन्हें गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बाइक चोरों की भी गिरफ्तारी


मंदिर हसौद थाना पुलिस ने बाइक चोरी के 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 3 बाइक की चोरी की थी। पुलिस ने शनिवार को डिगेश्वर चक्रधारी, ओमकार शेंदे, टीकम दास मानिकपुरी और राजेश वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि गोलबाजार, तेलीबांधा और एक अन्य एरिया से तीनों बाइक उन्होंने चोरी की है।

बाइक को बेचने के लिए वे मंदिर हसौद इलाके में ग्राहक की तलाश कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गाज गिरने से बेटे की मौतः मां और 4 बेटियां झुलसीं दूसरी घटना में चरवाहा घायल, 8 मवेशियों की मौत

**जशपुर (ए)।** जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, 9 लोग घायल हो गए और 8 मवेशियों की भी जान चली गई। गंभीर रूप से झुलस गए लोगों को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सभी घटनाएं बगीचा थाना क्षेत्र में हुईं।





पहली घटना बगीचा थाना क्षेत्र के छिछली गांव की है। यहां शनिवार को सतीश राम (18 वर्ष), उसकी मां फुलेश्वरी (36 वर्ष) और 4 बहनें बसंती (11 वर्ष), सरस्वती (13 वर्ष), दुर्गावती (6 साल), देवन्तिव (9 साल) खेत में रोपा लगाने के लिए गए थे। परिवार के सभी 9 सदस्य खेत में रोपा लगा ही रहे थे कि अचानक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। वे जब तक सुरक्षित स्थान पर पहुंच पाते कि आकाशीय बिजली की चपेट में आकर सतीश राम की मौके पर ही मौत हो गई।

### बेटे की मौत, मां और 4 बहनें घायल

वहीं मां फुलेश्वरी और 4 बहनें बसंती, सरस्वती, दुर्गावती और देवंतिव गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मृत युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। वहीं मां और चारों बहनों को इलाज के लिए बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### पेड़ पर गिरी बिजली, चपेट में आकर युवक घायल, 8 मवेशियों की मौत

दूसरी घटना में बगीचा के ही ग्राम सामरबार में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया, वहीं 8 मवेशियों की मौत हो गई। घायल युवक को इलाज के लिए पंडरापाठ के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। युवक ने बताया कि वो मवेशियों को चरा रहा था, इसी दौरान अचानक गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। वो बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया, तभी बिजली गिरी और वो उसकी चपेट में आकर घायल हो गया।

### तीसरी घटना में मां-बेटी और एक अन्य महिला घायल

वहीं तीसरी घटना भी बगीचा थाना क्षेत्र के भड़िया गांव में हुई। यहां बरामदे में मां-बेटी और एक अन्य महिला कुछ काम कर रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिरी और इसकी चपेट में तीनों आ गईं। मां-बेटी और एक अन्य महिला को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

BMO बगीचा सुनील लकड़ा ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाएं हुई हैं, जिसमें एक ही परिवार के 6 सदस्य इसकी चपेट में आ गए। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। फिलहाल सभी का इलाज बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# समृद्धि का हो रहा विस्तार छत्तीसगढ़ बढ़ रहा लगातार

वर्ष 2018




वर्ष 2023

## 4.5 सालों में प्रगति की अभूतपूर्व गति

| वर्ष 2018 | | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| 27 | बढ़े राजस्व जिले | 33 |
| 150 | तहसीलों की संख्या बढ़ी | 233 |
| 2.91 लाख करोड़ रुपये | राज्य की जीडीपी में उछाल | 3.50 लाख करोड़ रुपये |
| 92 हजार रुपये | प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी | 1.33 लाख रुपये |
| 56.89 लाख मीट्रिक टन | धान खरीदी दोगुनी | 107.53 लाख मीट्रिक टन |
| 12.6 लाख | किसानों की संख्या में दोगुनी वृद्धि | 24.98 लाख |
| 14.16 लाख | किसान क्रेडिट कार्ड में इजाफा | 21.23 लाख |
| 47.43 लाख | घरेलू बिजली उपभोक्ता हुए ज्यादा | 60.24 लाख |
| 57.75 लाख | राशन कार्डधारी परिवार बढ़े | 72.71 लाख |
| 2.09 करोड़ व्यक्ति | सार्वभौम पीडीएस से लाभान्वित | 2.55 करोड़ व्यक्ति |
| 2.63% | मलेरिया परजीवी सूचकांक में भारी गिरावट | 0.94% |
| 2,500 रुपये | तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक (प्रति मानक बोरा) बढ़ा | 4,000 रुपये |
| 7 | 9 गुना ज्यादा लघु वनोपज की खरीदी | 67 |

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

RO-37894/60

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950